www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 318 । नर्मदापुरम, रविवार 23 फरवरी 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

दुकान किराया न बढ़ाने को लेकर विधायक से मिले व्यापारी — पृष्ठ 2

▸ डॉ. खूबचन्द बघेल-मेरी स्मृति में
▸ शिवरात्रि और नटराज : जब अस्तित्व तांडव करता है — पृष्ठ 4

▸ विधायक शर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा के घर पहुंचकर किया पुरस्कृत — पृष्ठ 6

80 हजार से अधिक की अवैध सागौन जब्त — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव–2 के रूप में नियुक्त किया गया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री दास की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। आदेश में बताया गया है कि श्री दास प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव–1 डॉ. पी. के. मिश्रा के साथ प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में काम करेंगे।

### मणिपुर में प्रतिबंधित गुट के 6 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले से एक प्रतिबंधित संगठन के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है और इंफाल पूर्व में जबरन वसूली में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में एक समूह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (इबुंगो नगांगोम) के छह सदस्यों को इंफाल पश्चिम के कोत्रुक माखा लेइकाई चर्च से गिरफ्तार किया गया।

### आतिशी ने रेखा गुप्ता से मिलने का समय मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिल्ली की महिलाओं को प्रति माह ढाई हजार रुपये देने के वादे पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने का समय मांगा है। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने श्रीमती रेखा गुप्ता को शनिवार को एक पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। उन्होंने पत्र में कहा भाजपा के सर्वोच्च नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान यहां द्वारका की एक रैली में दिल्ली की माता और बहनों से वादा किया था कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में उनके लिए 2500 प्रति माह की योजना पास की जाएगी।

### ओमान में फंसे 4 उड़िया श्रमिक लौटे घर

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के हस्तक्षेप के बाद ओमान में फंसे गंजम क्षेत्र के चार उड़िया श्रमिक सुरक्षित अपने घरों को लौट आए है। श्रमिक शुक्रवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से मस्कट से मुंबई पहुंचे। मुंबई से वे पहले भुवनेश्वर और बाद में बरहामपुर के लिए ट्रेन से सवार हुए। माझी ने चार श्रमिकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और ओमान में भारतीय दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के सूत्रों के अनुसार श्री माझी ने नयी दिल्ली में मुख्य रेजिडेंट कमिश्नर को एक ईमेल प्राप्त होने के बाद तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसमें कहा गया था कि ओमान में चार उड़िया श्रमिक फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद मुख्य रेजिडेंट कमिश्नर ने उनके बचाव के प्रयासों का समन्वय करते हुए विदेश मंत्रालय और ओमान में भारतीय राजदूत से परामर्श किया।

### भारत-श्रीलंका के बीच नौका सेवा फिर शुरू

**नागापट्टिनम, एजेंसी।** तमिलनाडु के नागापट्टिनम और श्रीलंका के कांकेसंथुराई के बीच अंतरराष्ट्रीय नौका सेवा शनिवार को फिर से शुरू हो गई। नौका शिवगंगा विशेष प्रार्थना के बाद 83 यात्रियों के साथ नागपट्टिनम पोर्ट पैसेंजर टर्मिनल से रवाना हुई। नौका का संचालन मंगलवार को छोड़कर दैनिक आधार पर किया जाएगा। नौका में अधिकतम 150 यात्रियों के बैठने की क्षमता है और प्रति यात्री 10 किलोग्राम मुफ्त सामान ले जाया जा सकता है, जबकि यात्रा के दौरान प्रति यात्री 60 किलोग्राम तक सशुल्क सामान ले जाने की अनुमति होगी।

### एनईपी तमिल भाषा के लिए खतरा : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एसएसए के तहत तमिलनाडु को 2,152 करोड़ रुपए की बकाया राशि जारी करने से इनकार करने पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पर शनिवार को अपना हमला जारी रखा और कहा कि एनईपी–2020 और 3–भाषा नीति को स्वीकार करने से इससे जुड़े 43 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हो रहे है वहीं एनईपी सामाजिक न्याय, तमिल भाषा और तमिलनाडु के लोगों के लिए खतरा है। मुख्यमंत्री कुड्डालोर में आयोजित एक समारोह सेलिब्रेट द पेरेंट्स में बोलते हुए कहा कि द्रमुक सरकार किसी भी भाषा की दुश्मन या विरोधी नहीं है।

---

भोपाल में वैश्विक निवेशक सम्मेलन कल से, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

# औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं होंगी साकार

- 60 से अधिक देशों के राजनयिक और प्रतिनिधि होंगे शामिल
- गृह मंत्री शाह 25 को होंगे समापन समारोह में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में 24–25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2025 से मध्यप्रदेश, औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस समिट का उद्देश्य निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं से अवगत कराते हुए, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को एक फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है।

समिट का शुभारंभ 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से 11:15 बजे तक चलेगा। भोपाल जीआईएस का समापन समारोह 25 फरवरी को गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शाम 4:30 से 6:00 बजे तक आयोजित होगा।

इस समिट में देश-विदेश के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां और नीति–निर्माता शामिल होंगे। कुल 31 हजार 659 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में पंजीकरण कराया है। इसमें उद्योग जगत के लगभग 3 हजार 903 विशेष आमंत्रित एवं डेलीगेट्स 8046 रहेंगे। इसमें 300 से अधिक गेस्ट ऑफ ऑनर, 133 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभागी 3398 स्टार्ट–अप्स के प्रतिनिधि, 562 एनआरआई एवं मध्यप्रदेश प्रवासी, विभिन्न उद्योग संघों के 249 प्रतिनिधि और विभिन्न सत्रों एवं विभागीय समिट्स में 10491 प्रतिभागी शामिल होंगे।

### अडानी, बिड़ला, सिंघानिया सहित प्रमुख उद्योगपति भी रहेंगे मौजूद

समिट में भारत की अग्रणी कंपनियों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ उपस्थित रहेंगे। इनमें गौतम अडानी (अध्यक्ष, अडानी समूह), कुमार मंगलम बिरला (अध्यक्ष, आदित्य बिड़ला समूह), संजीव पुरी (सीएमडी, आईटीसी लिमिटेड), नादिर गोदरेज (सीएमडी, गोदरेज इंडस्ट्रीज अश्विनी अरोडा (एमडी) दावत फूडस रघुपति सिंघानिया, सीएमडी जेके टायर बालकृष्ण गोयनका अध्यक्ष, वेल्सपेन वर्ल्ड, सुनील बजाज कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य बिडला, सतीश पई एमडी हिंलातकों इंडस्ट्री, एम के अग्रवाल, एमडी ग्रासिम इंडस्ट्री कैलाश झावर, एमडी अल्ट्राटेक सीमेंट, बाबा एन कल्याणी, सीएमडी भारत फोर्स लिमिटेड, चंद्रजीत बनर्जी, डीजीसीआईआई, कार्तिक भारत राम, संयुक्त एमडीएसआरएफ लिमिटेड, आंद्रे एक होल्ट एमडी हेटिच इंडिया प्रायवेट ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### इन देशों की होगी भागीदारी

भोपाल जीआईएस में 60 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधि, उच्चायुक्त, काउंसल जनरल और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसमें प्रमुख भागीदार देशों में जापान, जर्मनी, इंग्लैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर शामिल हैं। जीआईएस में मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेटीना, पेरू, अंगोल, बुर्किनाफांसो, मोरक्को, मोल्दोवा, नेपाल और जिम्बाम्बे के राजदूत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, फिजी, जमैका, लेसोथो, रवांडा, सेशेक्स और युगांडा के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने किया समिट की तैयारियों का अवलोकन, बोले-

## हम सब अतिथियों और निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कैपिटल सिटी भोपाल में जीआईएस का आयोजन पहली बार हो रहा है। आने वाली 24 एवं 25 फरवरी भोपाल शहर के लिए एक नया इतिहास लिखने वाली है। हम सब अतिथियों और निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार हैं। ये सिर्फ सरकार का नहीं, हम सबका आयोजन है। इसमें सबकी भागीदारी होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए चल रही व्यापक तैयारियों का मुआयना लिया। उन्होंने कहा कि निवेशक हमारे विशेष मेहमान हैं, उनके स्वागत में हम कोई भी कमी नहीं रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मानव संग्रहालय के सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर जीआईएस की तैयारियों का बारीकी से मुआयना किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम स्थल में आगमन से लेकर प्रस्थान तक की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए जीआईएस परिसर में ही तैयार किए गए लाऊंज का मुआयना किया। इसके बाद कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए मुख्य सभागार (सबसे बड़े डोम) में पहुंचकर मंच, अतिथियों एवं निवेशकों के लिए बैठक व्यवस्था देखी। उन्होंने डोम में ही मंच के सामने निवेशकों के लिए आरक्षित सीटों पर स्वयं बैठकर दृश्य एवं श्रव्य ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत पाक मुकाबला आज

**दुबई, एजेंसी।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिए करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिए टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जाएगी।

वर्ष 2017 के चैंपियंस ट्राफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच भारत के लिए हिसाब बराबर करने का भी होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फार्म वापसी के संकेत दे दिए थे जो भारतीयों के लिए सुकून भरा है हालांकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ सर्वस्व झोंकना होगा। विराट की बल्लेबाजी पर करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी होंगी। शुभबन गिल बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ कर अपनी विश्वसनीयता साबित कर चुके हैं और कल के मैच में उनकी भूमिका काफी अहम रहने वाली है। मोहम्मद शमी एक बार फिर अपने धारदार गेंदबाजी से पाकिस्तानियों के लिये मुसीबत का सबब बन सकते है। शमी पिछले मैच में बांग्लादेश के पांच विकेट झटक कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके हैं। हर्षित राणा उनके मजबूत सहयोगी बनेंगे वहीं हार्दिक पांड्या बीच के ओवर में पाकिस्तान बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे। स्पिन को मदद देने वाली पिच पर भारत अपने स्पिन आक्रमण में कोई फेरबदल करना पसंद नहीं ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### पाकिस्तान पलटवार करने में सक्षम

इन सबके बावजूद पाकिस्तान को भारत हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। इतिहास बताता है कि पाकिस्तान एक मैच हारने के बाद पलटवार करने में सक्षम है और उसकी इसी ताकत उसे मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत टीम बनाती है। कीवी टीम के खिलाफ बेअसर साबित हुये पाकिस्तान के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजी पर दवाब बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पाक के लिए हालांकि यह काफी आसान नहीं होगा। पाकिस्तान को यहां के माहौल और परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में कुछ समय लग सकता है जबकि भारतीय टीम अपना एक मुकाबला इस मैदान पर खेल चुकी है। दोनो टीमों के लिए यहां काफी समर्थन है और दर्शक मैच का लुफ्त उठाने के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रुख करेंगे।

# शिवराज को विमान में टूटी सीट पर बैठकर करनी पड़ी यात्रा

कहा- क्या यात्रियों की मजबूरी का ऐसे फायदा उठाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एअर इंडिया के विमान की टूटी सीट पर बैठकर यात्रा करनी पड़ी। उन्होंने एअरलाइंस की सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं। शिवराज भोपाल से दिल्ली जा रहे थे।

शिवराज की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयान मंत्री ने मामले की जांच के साथ ही एयर इंडिया को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना के बाद कुरूक्षेत्र स्थित गुरुकुल पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने एयर इंडिया के प्लेन की फटी सीट को लेकर कहा कि अगर कोई चीज गलत होती है उसके लिए चुप होना या कुछ बोलना 2 रास्ते है। इससे लोगों को तकलीफ होती है। यह चीज मैनेजमेंट को पता होनी चाहिए। अगर पैसे लेते हैं तो सुविधा भी दें।

### विमानन मंत्री ने मामले की जांच के दिए निर्देश

शिवराज सिंह की शिकायत के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डुयन मंत्री राम मोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को मामले की जांच करने और तुरंत सुधारात्मक उपाय सुझाने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद डीजीसीए ने मामले में एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी है। शिवराज की पोस्ट पर यूथ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने लिखा– कुंभ जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को इनकी सरकार ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं दे पाई उसका दर्द नही हुआ, मंत्री जी को विमान में टूटी कुर्सी मिलने का दर्द हुआ है।

# दिल्ली विधानसभा का सत्र कल से

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हाल ही में संपन्?न दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले सभी 70 नवनिर्वाचित विधायक 24 फरवरी से शुरू हो रही दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। यह सत्र 24 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगी। तीन दिवसीय सत्र में विधानसभा अध्यक्ष–उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। 24 फरवरी (सोमवार) को सुबह 11 बजे नई विधानसभा का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ दिलाएंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। जब तक विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता, वह प्रोटेम स्पीकर के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे। 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे विधानसभा स्पीकर का चुनाव किया जाएगा। 25 फरवरी को विधानसभा के इस सत्र में उपराज्यपाल वीके सक्सेना का अभिभाषण होगा। इसके बाद विधानसभा के पटल पर सीएजी रिपोर्ट रखी जाएगी। एलजी के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेंगी। 27 फरवरी को सदन में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।

चुनाव आयोग पर भड़के तेजस्वी

# आयोग भाजपा के 'चीयरलीडर' की तरह काम कर रहा



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर भड़कते हुए कहा कि आयोग संविधान और लोकतंत्र के कैंसर की तरह काम कर रहा है। चुनाव आयोग भाजपा का 'चीयरलीडर' बन चुका है। उसे बिहार में जब चुनाव कराना है, कराए। हम लोग तैयार हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार की जनता इस बार नई सरकार चाहती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थक चुके हैं। बिहार में चंद अधिकारी सरकार चला रहे हैं। अफसरशाही चरम सीमा पर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित बिहार यात्रा पर कहा, हर दिन कोई न कोई आएगा। दिल्ली चुनाव खत्म हो गया है। हर कोई बिहार आ रहा है। इन लोगों को बिहार और यहां के लोगों से कुछ लेना–देना नहीं है। वे केवल सत्ता में बने रहने के लिए आ रहे हैं। उन्हें किसी और चीज से मतलब नहीं है। क्या वे बिहार को कारखाने देने आ रहे हैं? क्या वे बिहार से पलायन को रोकने आ रहे हैं? वे केवल अपने स्वार्थ के लिए आ रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि सत्ता में काबिज रहने के लिए तिकड़म, डीलिंग और मैनेजमेंट कैसे किया जाए, इसके लिए बिहार आ रहे हैं। क्या ये महंगाई, बेरोजगारी को खत्म करने के लिए बिहार आ रहे हैं?

राजद नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के राजनीति में आने की चर्चा पर कहा कि राजनीति में उनके आने का स्वागत है। निशांत हमारे भाई हैं। मैं तो चाहूंगा कि निशांत अपना घर भी बसाएं। उन्होंने कहा कि शरद यादव की बनाई पार्टी को भाजपा और आरएसएस के लोग हाईजैक करना चाहते हैं। उनके पिता लालू यादव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी ज्यादा फिट हैं। इस दौरान उन्होंने लालू यादव के किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया।

# अफीम की खेती का भंडाफोड़

**बुलढाणा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थानीय अपराध अन्वेषण विभाग (एलसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की। विभाग ने 12.61 करोड़ रुपये के अफीम के पौधे जब्त किए हैं। यह छापेमारी बुलढाणा जिले के अंढेरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। स्थानीय अपराध अन्वेषण विभाग ने गुरुवार आधी रात को इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस कार्रवाई से प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, अंढेरा पुलिस थाना क्षेत्र में एक किसान द्वारा अफीम की अवैध खेती की जा रही थी। पुलिस ने खुफिया जानकारी के बाद मौके पर छापा मारा और बड़ी संख्या में अफीम के पौधे बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने संतोष सानप नामक एक किसान को गिरफ्तार किया है, जो अफीम की खेती में लिप्त था। पुलिस ने उसके खिलाफ कई धाराओं में और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बुलढाणा में अफीम की खेती पर यह कार्रवाई राज्य में सबसे बड़ी मानी जा रही है।

### पुलिस की कार्यकुशलता पर उठे सवाल

हालांकि, इस छापेमारी के बाद अंढेरा पुलिस की कार्यकुशलता पर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि अफीम की खेती अंढेरा पुलिस थाने की सीमा में ही हो रही थी और यह पूरी प्रक्रिया पुलिस की नाक के नीचे चल रही थी। इससे यह भी सवाल उठता है कि क्या पुलिस विभाग ने इस मामले में लापरवाही बरती थी, या फिर जानबूझकर देर से कार्रवाई की गई। अंढेरा पुलिस की कार्यप्रणाली पर अब उच्च अधिकारियों की ओर से जांच की संभावना जताई जा रही है।

बांग्लादेश में अराजकता का मौहाल

# बीएनपी नेता की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की शुक्रवार दोपहर को बेरहमी से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सवालों के घेरे में ला दिया जिस पर अराजकता को नियंत्रित करने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना शुक्रवार दोपहर को ढाका के धामराई उपजिला में घटित हुई। बाबुल की पत्नी यास्मीन बेगम ने कहा, हमलावरों ने उन्हें डंडों और एसएस पाइपों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी दोनों आंखें भी फोड़ दीं। जब मैंने और कुछ स्थानीय लोगों ने बीच–बचाव करने और तो उन्होंने हमें रोक दिया। उनके बेहोश हो जाने के बाद ही वे वहां से गए। बताया जा रहा है कि बाबुल पर उस समय लोगों के एक समूह ने हमला किया जब वह और उसकी पत्नी अक्षिरनगर हाउसिंग के पास सरसों की कटाई कर रहे थे। उनकी पत्नी ने बताया कि रियल एस्टेट के कारोबार अक्षिरनगर हाउसिंग को लेकर ग्रामीणों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। कुछ अन्य लोगों का दावा है कि मृतक बाबुल का हमलावरों के साथ तालाब के स्वामित्व को लेकर विवाद था, जो उनकी हत्या का कारण हो सकता है। बाबुल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसे सिर, आंख, चेहरे और पैरों में गंभीर चोटों के साथ अस्पताल लाया गया था। हाल ही में बीएनपी के शीर्ष नेता शम्सुज्जमां दुदु ने अंतरिम सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था, अंतरिम सरकार के तहत कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों के नेताओं की हत्या की गई है। दोषियों को बिना देरी के कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।

उत्तराखंड में सीएजी रिपोर्ट ने खोली पोल

# वन संरक्षण के लिए फंड से खरीदे गए आईफोन

**देहरादून, देशबन्धु।** उत्तराखंड में वन संरक्षण के लिए फंड का इस्तेमाल आई फोन और लैपटॉप खरीदने में किया गया। सीएजी रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। फॉरेस्ट एंड हेल्थ डिपार्टमेंट और वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की 2021–22 की रिपोर्ट में बताया गया कि फंड का इस्तेमाल बिना योजना और इजाजत के किया गया था। यह रिपोर्ट उत्तराखंड विधानसभा के बजट सेशन के दौरान 21 फरवरी को सदन में रखी गई। उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि उन्होंने अपने विभाग से संबंधित मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 2017 से 2022 तक जो वृक्षारोपण किया गया, उसमें से सिर्फ 33 फीसदी वृक्ष ही जीवित रह पाए। यह फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट की गाइडलाइंस के मानकों से बहुत नीचे हैं। इंस्टिट्यूट के मुताबिक वृक्षा रोपण के बाद 60–65 फीसदी तक वृक्ष जीवित रहने चाहिए।

सीएजी की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) परियोजना के तहत 56.97 लाख रुपए का दुरुपयोग किया गया, जबकि यह पैसा किसी अन्य उद्देश्य के लिए था। इसके अलावा, अल्मोड़ा कार्यालय में बिना मंजूरी के सोलर फेंसिंग पर 13.51 लाख रुपये खर्च किए गए। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि जन जागरूकता अभियान के लिए निर्धारित 6.54 लाख रुपए का उपयोग मुख्य वन संरक्षक, सतर्कता और कानूनी प्रकोष्ठ के लिए ऑफिस बनाने पर किया गया। इसके अलावा, 13.86 करोड़ रुपये का दुरुपयोग अन्य विभागीय परियोजनाओं में किया गया, जिसमें टाइगर सफारी परियोजनाएं, कानूनी शुल्क, व्यक्तिगत यात्रा और आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज, और कार्यालय आपूर्ति जैसी वस्तुओं की खरीद शामिल थी।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 11 अप्रैल को निकलेगी शोभायात्रा

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री स्वप्नेश्वर हनुमान मंदिर समिति मालवीयगंज द्वारा इस वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पिछले वर्षों की तरह शोभायात्रा निकालेगी। शोभायात्रा में इस बार भी कुछ अलग हटकर और आकर्षक होगा। इस बार भी विशेष झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति मालवीय गंज इटारसी की ओर से बताया गया है कि 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान का भोग, हवन-पूजन और भक्तों के लिए भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्री हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व 11 अप्रैल को एक शोभा यात्रा ठाकुर श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर मालवीय गंज पहुंचेग। शोभायात्रा में पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को कुछ खास देखने को मिलेगा।

### तिलक सिंदूर मार्ग पर महादेव चाय पार्टी ग्रुप लगाएगा भंडारा

**इटारसी, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के अवसर पर सतपुड़ा पर्वत श्रंखलाओं में बसे तिलक सिंदूर मंदिर में पूजा करने और यहां लगने वाले मेले में हजारों भक्त पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि के दिन तिलक सिंदूर मार्ग पर भक्तों के लिए फलहारी व्यंजनों के भंडारे लगाये जाते हैं। इस वर्ष भी दूसरे वर्ष में महादेव चाय पार्टी ग्रुप द्वारा भंडारा किया जाएगा। ग्रुप की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि तिलक सिंदूर मार्ग पर झालपा पुलिया के पास फलाहारी भंडारे का आयोजन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर किया जाएगा। ग्रुप ने तिलक सिंदूर जाने वाले भक्तों से अनुरोध किया है कि वे महादेव चाय पार्टी ग्रुप के पंडाल में ठहरें और फलहारी भंडारे से प्रसाद ग्रहण करें।

### आठवी और पांचवी बोर्ड की परीक्षाएं 24 से, सभी तैयारी पूर्ण

**इटारसी, देशबन्धु।** पांचवी और आठवी की परीक्षा अब बोर्ड पैटर्न पर होगी। 24 मार्च से दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। इटारसी शहर में शासकीय पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यहां मौजूद सोनासांवरी स्कूल की माध्यमिक शिक्षक और परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष ज्योति नामदेव और पूजा सोलंकी ने बताया कि परीक्षाओं की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। रोल नंबर अंकित कर दिये हैं, रूम चार्ट तैयार करके लगा दिया है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ग्लुकोज की भी व्यवस्था रहेगी, ताकि बच्चों को गर्मी से राहत प्रदान की जा सके। शासकीय पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज में इटारसी शहर के कुल 17 शासकीय और प्रायवेट स्कूलों के हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के बच्चे पांचवी और आठवी बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचेंगे। कक्षा पांचवी के 125 और आठवी के 185 सहित कुल 310 बच्चे यहां परीक्षा देने पहुंचेंगे।

### ट्रेन से टकराकर तेंदुए की मौत

**इटारसी, देशबन्धु।** नागपुर रेल लाइन पर बाघदेव पुलिया के पास एक तेंदुआ की ट्रेन से टकराने से मौत हो गयी। घटना संभवत: आज सुबह की है। वन विभाग को सुबह घटना की जानकारी मिली तो अधिकारी मौके पर पहुंचे। डाक्टर्स तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद बाघदेव वन चौकी पर उसका अंतिम संस्कार किया। हादसे में मृत तेंदुए की उम्र करीब ढाई से तीन वर्ष है। वन विभाग को हादसे की खबर सुबह 8 बजे मिली थी। रेंजर महेन्द्र कुमार गौर ने बताया कि सुबह ही किसी ट्रेन से टकराने से तेंदुए की मौत हुई है। सूचना मिलने पर वे विभागीय अमले के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान सीसीएफ अशोक कुमार और सोहागपुर से एसडीओ रचना शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने रेलवे ट्रैक से तेंदुए के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बाघदेव वन चौकी ले जाया गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया है।

### सीनियर वर्ग में नर्मदापुरम जिला विजेता

- **राहुल चंद्रोल ने खेली शानदार 95 रन की पारी**



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला नर्मदापुरम और बैतूल के बीच खेला गया। मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग सीनियर वर्ग इंटर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में नर्मदापुरम ने बैतूल पर शानदार जीत दर्ज की। पहले दिन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बैतूल की पारी महज 105 रनों पर सिमट गई थी। बैतूल की ओर से आलोक गोस्वामी ने 35 रनों का योगदान दिया। नर्मदापुरम की और से गौरव दशोरे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट हासिल किए। जवाब में नर्मदापुरम बल्लेबाजी करते हुए यश दुबे 50 और राहुल चंद्रोल 95 रन की मदद से 266रन 7 विकेट पर बनाकर मैच जीत लिया। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए गौरव दशोरे एवं राहुल चंद्रोल को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और नर्मदापुरम जिला के अध्यक्ष राजेश चौरे सहित सिलेक्शन कमेटी के संजय नाफडे, मनोहर बिलथरिया ने पुरस्कार वितरण किया। मैच में अंपायर की भूमिका हरीश हनोतिया, उत्तम रघुवंशी ने निभाई।

# दुकान किराया न बढ़ाने को लेकर विधायक से मिले व्यापारी

## विधायक ने कहा, किराया बढ़ाना जरूरी, लेकिन कम से कम वृद्धि होगी





**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका द्वारा 27 फरवरी को नगर पालिका परिषद के सम्मेलन में दुकानों के किराए में वृद्धि को लेकर प्रस्ताव लाया गया है। सभी ट्रेड यूनियनों के संगठन इटारसी व्यापार महासंगठन ने किराया वृद्धि को लेकर आपत्ति जताई है। इटारसी व्यापार महासंगठन के पदाधिकारियों ने आज 22 फरवरी को शाम 5 बजे रेस्ट हाउस में पहुंचकर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नपा अध्यक्ष पंकज चौरे को एक ज्ञापन सौंपकर दुकान किराए में वृद्धि न करने की मांग की है।

इटारसी व्यापार महासंगठन के अध्यक्ष मुकेश जैन एवं संयोजक धर्मदास मिहानी के नेतृत्व में सभी ट्रेड यूनियनों के संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नपाध्यक्ष पंकज चौरे के साथ दुकानों के किराए में वृद्धि न किए जाने को लेकर रेस्ट हाउस में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान दुकानदारों की समस्याओं से विधायक एवं नपाध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया कि इस बार के नपा परिषद के सम्मेलन में दुकानों की किराया वृद्धि का प्रस्ताव लाया जा रहा है, जिसको लेकर विगत दिनों रेस्ट हाउस में चर्चा हुई थी कि व्यापारिक संगठन और व्यापारियों को विश्वास में लेकर ही किराया वृद्धि की जाए। वहीं एरिया अनुसार उस एरिया में होने वाले व्यापारियों की स्थिति के अनुसार, दुकान की साइज के अनुसार, सभी बातों पर विचार करके ही किराया वृद्धि न्यायोचित रूप से की जाएगी। ज्ञापन के माध्यम से इटारसी व्यापार महासंगठन ने मांग की कि वर्तमान में शहर के बाजार क्षेत्र में व्यापार की स्थिति अत्यंत दयनीय है। परिस्थितियों को देखते हुए यह किराया वृद्धि प्रस्ताव तब तक ना लाया जाए जब तक नपाध्यक्ष व वरिष्ठ व्यापारियों की एक आपस में सार्थक चर्चा ना हो जाए। इसको लेकर विधायक डॉ. शर्मा ने व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल को आपसी सहमति से निर्णय लेने की बात कही है।

इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि व्यापारियों के हित में नपाध्यक्ष से अनुरोध किया है कि किराए में रीजनेवल वृद्धि होनी चाहिए। किसी भी व्यापारी पर भार बढ़ाकर या नुकसान करके किराए में वृद्धि नहीं होनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष को संगठन के सीमित पदाधिकारियों से 27 फरवरी से पहले किराए में वृद्धि को लेकर चर्चा कर लेनी चाहिए। आपसी सहमति बनने के बाद जो निर्णय होगा वैसी वृद्धि कर लेनी चाहिए। वहीं इटारसी व्यापार महासंगठन के संयोजक धर्मदास मिहानी ने बताया कि आज विधायक एवं नपाध्यक्ष से समय लेकर एक बैठक की गई। चर्चा के बाद एमएलए डॉ. शर्मा ने आश्वासन दिया है कि वर्तमान में दुकान का किराया तो बढ़ेगा, लेकिन कम से कम बढ़ाने की कोशिश करेंगे। 24 फरवरी को नगर पालिका अध्यक्ष के साथ एक बैठक रखी गई है, जिसमें दुकान किराए वृद्धि को लेकर एक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें आपसी सहमति से निर्णय लिया जाएगा।

युवा शाखा अध्यक्ष अर्जुन भोला ने बताया कि आज विधायक एवं नपाध्यक्ष के साथ दुकान किराया वृद्धि को लेकर बैठक की गई, बैठक में विधायक डॉ. शर्मा ने सकारात्मक बात रखते हुए आपसी सहमति से निर्णय लेने की बात कही है। बैठक में जो सीमा तय होगी उसके अनुसार नपा के सम्मेलन में प्रस्ताव में किराए वृद्धि का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में विधायक डॉ. शर्मा एवं नपाध्यक्ष चौरे के साथ इटारसी व्यापार महासंगठन के अध्यक्ष मुकेश जैन, संयोजक धर्मदास मिहानी, सचिव हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विक्रांत बड़कुर, मोहनलाल चेलानी, युवा शाखा अध्यक्ष अर्जुन भोला, संदेश अग्रवाल, कमलेश गुप्ता, अर्जुन पांडे, ओम सोनी, राजू सोनी, मनीष ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# शासकीय महात्मा गांधी स्मृति महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में शासन के आदेशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया। इस आयोजन में व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को कभी त्यागना नहीं चाहिए, क्योंकि मातृभाषा से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं।वर्ष 2025 में हम अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और इस साल की थीम है 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की रजत जयंती उत्सव'।

यह पिछले पच्चीस वर्षों में भाषाई विविधता को संरक्षित करने और मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समर्पित प्रयासों का स्मरण करता है। उन्होंने पंजाबी भाषा में गुरु गोविंद सिंह जी के गीत 'देह शिवा बर मोहे ईहे, शुभ कर्मन ते कभुं न टरूं न डरौं अरि सौं जब जाय लड़ौं, निश्चय कर अपनी जीत करौं' को सुनाया तथा पंजाब के क्षेत्र में शादी विवाह के समय होने वाले गिद्दा 'बारी बारी बरसी खटन गया सी खत के ले आनदी लोई, सारी दुनिया देख लई माँ तेरे जेहा न कोई' को गाकर सुनाया।

डॉ अरविंद शर्मा ने बृज भाषा में संगीत को सुनकर विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहानी सुनाया कि एक मातृभाषा के आधार पर एक बिहारी लड़के को विदेश में नौकरी मिल जाती है। डॉ रश्मि तिवारी ने कहा कि भाषा लोगों की विविध पहचान को बढ़ावा देती है। भाषाएं लोगों को आपस में जोड़ती भी हैं और लोगों को उनकी संस्कृति को संरक्षित रखने का मौका भी देती हैं। इस दिन को मनाने का उद्देश्य अलग भाषाओं का संरक्षण करना, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना और विविधता के महत्व पर प्रकाश डालना है।

डॉ. सुसन मनोहर ने मलयालम में कुछ शब्दों का अर्थ बताया एवं गीत गाकर विद्यार्थियों को मलयालम भाषा से अवगत कराया। श्रीमती सुशीला बरबड़े ने मराठी भाषा के शब्दों एवं मराठी भाषा के चर्चित गीतों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ पीके अग्रवाल ने उड़िया भाषा के प्रसिद्ध कवि गंगाधर मेहेर की कविता 'विश्व देखो मधुमय विश्व देखो मधुमय जीवन! मधुर झरण करेगा हरण तेरा पाप मरण भय, हे जीवन!' को गाकर सुनाया। डॉ मनीष चौर ने नर्मदापुरम की आम जन भाषा से विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं भारत के विभिन्न क्षेत्रों की अलग अलग भाषाओं की जानकारी प्रदान की।

वरुण दुबे ने पंजाबी भाषा के महत्व को बताते हुए पंजाबी गीतों एवं पंजाबी गायकों के बारे में बताया। भाषण प्रतियोगिता में मृदुल पांडे प्रथम, लक्ष्मी भदोरिया द्वितीय, रूपाली पटेल तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में मृदुल पांडे प्रथम, लक्ष्मी भदोरिया द्वितीय एवं गोपाल पांडे तृतीय रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश कुमार ने किया।इस अवसर पर डॉ आशुतोष मालवीय, डॉ राजेश हरियाले, श्रीमती भारती चौधरी एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मातृभाषा हमारी सामाजिक पहचान है : कामधेनु



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत संगोष्ठी एवं विविध कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती कामधेनु पटोदिया के संरक्षण में आयोजित किए गए।

इस अवसर पर मातृभाषा पर विचार सांझा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि जन्म लेने के बाद सबसे पहले मातृभाषा ही सीखी जाती है और वहीं हमारी सामाजिक पहचान होती हैं। डॉ हिमांशु चौरसिया ने कहा कि अनजान जगह पर अपनी भाषा बोलने वाले मिल जाए तो अपनत्व और सुरक्षा का अहसास होने लगता है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ सतीश ठाकरे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा वैदिक काल से चली आ रही है और विभिन्न भाषाओं के माध्यम से यह विश्व का पथ प्रदर्शन कर रही है।

इस अवसर पर डॉ प्रवीण कुशवाह, श्रीमती संध्या उपाध्याय एवं सुश्री तनिषा साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉ धीरज गुप्ता, श्रीमती शकुन भलावी भी उपस्थित रहे। तकनीकी युग में मातृभाषा का अस्तित्व एवं चुनौतियां विषय पर निबंध प्रतियोगिता में संजना नागवंशी, प्रमोद नागले, रंजना उईके तथा शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता में रितेश धुर्वे, ममता कासदे एवं शिवम क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ राधा आशीष पांडे ने एवं आभार डॉ प्रवीण कुशवाह ने व्यक्त किया।

## तहसीलदार शक्ति सिंह ने पदभार ग्रहण कर किया कार्यालय का निरीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** नवागत तहसीलदार ने यहां कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद निरीक्षण किया। उन्होंने सभी शाखाओं में जाकर वहां पदस्थ कर्मचारी से बातचीत की और कर्मठता से काम करने को कहा। बता दें कि कुछ दिन पूर्व से इटारसी अनुभव में तहसीलदार का पद रिक्त हो गया था। वहीं हाल ही में सिवनी मालवा से आए नवागत तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर ने इटारसी तहसील कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पश्चात उन्होंने तहसील कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण भी किया। मालूम हो कि तहसीलदार सुनीता साहनी के अवकाश पर जाने के बाद से प्रभारी तहसीलदार के रूप में शंकर सिंह रघुवंशी व्यवस्थाएं देख रहे थे।



## बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर की चर्चा

**इटारसी, देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के 10 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में परियोजना इटारसी के सेक्टर 5 में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की गई।

कार्यक्रम का समापन 8 मार्च महिला बाल दिवस पर किया जाएगा। आज एक्ट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्षद सीमा भदोरिया, एड्वोकेट संतोष गुरयानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

एडवोकेट संतोष गुरयानी ने एक्ट पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि यह अधिनियम कन्या भ्रूण हत्या और घटते हुए लिंगानुपात को रोकने बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत जन्म से पहले शिशु के लिंग का पता लगाना एवं उसका खुलासा करना कानूनी अपराध है जिसके लिए कानून में इस अधिनियम का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को कारावास एवं जुर्माने की सजा का प्रावधान है। वार्ड पार्षद सीमा भदौरिया ने बालिकाओं की उचित स्वास्थ्य एवं शिक्षा के विषय में, बच्चों के विभिन्न अधिकारों के बारे में उपस्थित महिलाओं से चर्चा की गई। प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने 18 1, चाइल्ड हेल्पलाइन महिला हेल्पलाइन एवं बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित आंगनवाड़ी में चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आज बालिकाओं के सम्मान के रूप में बालिकाओं का जन्म दिवस मनाये जिसमें सभी केक काटा। पार्षद ने सभी बच्चों को गिफ्ट एवं चॉकलेट का वितरण किया।

इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक राखी मौर्य, पोषण कोर्डिनेटर हिना खान, वार्ड में संचालित एनजीओ के सदस्य, रजनी भदौरिया, ममता बघेल, अर्चना बघेल, अमीना बी, खातून बी, परवीन बेगम एवं सहायिकाएं सविता श्रीवास, यासमीन बेगम, करुणा तोमर, सायरा बानो, आशा कार्यकर्ता सुजाता सराठे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# तूल पकड़ रहा जेल की भूमि निजी हाथों में देने का मामला

## जनहित याचिका दायर करने की तैयारी

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला जेल की बेशकीमती भूमि को निजी हाथों में सौंपने और ग्राम कढ़ाई की चरनोई भूमि पर नई जेल बनाने के फैसले ने हड़कंप मचा दिया है। इस विवादास्पद फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य मिश्रा ने मोर्चा संभालते हुए सभी संबंधित पक्षों को कानूनी नोटिस जारी कर दिया है। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है, जिससे प्रशासन पर कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है।

इस पूरे घटनाक्रम के खिलाफ पत्रकार मुकेश गायकवाड़ ने मोर्चा खोलते हुए इसे बैतूल नगर के विकास के खिलाफ एक बड़ा षड्यंत्र करार दिया है। उन्होंने खुलासा किया कि बैतूल नगर पालिका ने इस भूमि को साप्ताहिक बाजार, पार्किंग और अन्य विकास कार्यों के लिए मांगा था, लेकिन अधिकारियों ने इसे सीधे निजी क्षेत्र को सौंपने का फैसला कर लिया। गायकवाड़ ने बताया कि कलेक्टर बैतूल ने राज्य की पुनर्घनत्वीकरण नीति 2016 और 2022 की अनदेखी करते हुए यह फैसला लिया, जबकि नीति के अनुसार नगरीय निकाय की सीमा के बाहर किसी भी सार्वजनिक सुविधा का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद प्रशासन ने नियमों को ताक पर रखकर ग्राम कढ़ाई में जेल स्थानांतरित करने का निर्णय ले लिया। इतना ही नहीं, मध्य प्रदेश नजूल निर्वतन निर्देश 2020 का सहारा लेते हुए ग्राम कढ़ाई की भूमि को केवल जेल के लिए ही नहीं, बल्कि फर्नीचर क्लस्टर के लिए भी आवंटित कर दिया गया। इससे साफ है कि सरकारी नीतियों की अनदेखी कर सार्वजनिक भूमि को निजी हितों के लिए इस्तेमाल किया गया।

**ग्रामसभा की सहमति नहीं, जबरन की भूमि अधिग्रहण** - इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि ग्राम कढ़ाई की चरनोई भूमि को बिना ग्रामसभा की सहमति के किस आधार पर आवंटित किया गया? म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 237(1) के अनुसार, सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आरक्षित भूमि को नजूल भूमि घोषित नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद प्रशासन ने नियमों को दरकिनार कर चरनोई भूमि का आवंटन कर दिया। यह प्रक्रिया पूरी तरह से गड़बड़ियों से भरी हुई थी। ग्रामसभा से अनुमति लिए बिना केवल पंचायत सचिव और तत्कालीन सरपंच से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर इस फैसले को लागू कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य मिश्रा ने कानूनी कार्रवाई की पूरी तैयारी कर ली है और यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो यह मामला प्रदेशव्यापी आंदोलन का रूप ले सकता है।

## शिव विवाह महोत्सव में भजन-कीर्तन के साथ सजाया भीमाशंकर का मंडप

- **आज होगी काशी विश्वनाथ की हल्दी**

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। महाकाल चौक कोठी बाजार स्थित शिवालय में 12 ज्योतिर्लिंगों के नाम पर आयोजित हो रहे शिव विवाह महोत्सव के अंतर्गत आज भीमाशंकर का मंडप विधिपूर्वक तैयार किया गया, जहां मंडप की रस्में भक्तों द्वारा पूरे श्रद्धाभाव से निभाई गई। इस मौके पर शिवालय में विशेष श्रृंगार, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। हल्दी कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था सरिता श्रीवास्तव, राजश्री, संजना श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, ममता यादव, ममता भट्ट, विद्या सरोदे, कल्पना धोटे, शिवानी, तनु, रीता दत्त, माधुरी नामदेव, सोनल पाटिल, रानी ठाकुर, लक्ष्मी सूर्यवंशी, निर्मला यादव, सपना रैकवार, पिंकी रैकवार और लता ठाकुर द्वारा निभाई जाएगी। महोत्सव के अंतर्गत दोपहर काशी विश्वनाथ की हल्दी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# जागरूकता यात्रा निकालकर दिया कैंसर के खतरे से बचने का संदेश

**बैतूल, देशबन्धु।** प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले नुकसान को देखते हुए शिवम् सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार दोपहर शहर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में समाजसेवी, डॉक्टर, पत्रकार, व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली के माध्यम से समिति के कार्यकर्ताओं ने सभी प्रतिष्ठानों पर जाकर लोगों को गुलाब का फूल भेंट कर हाथ जोड़कर प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, कटोरी, पन्नी और थर्माकोल के उपयोग को बंद करने की अपील की।

यह जागरूकता यात्रा लल्ली चौक से सीमेंट रोड, थाना चौक, बस स्टैंड, गंज, अंबेडकर चौक होते हुए वापस लल्ली चौक पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। समिति ने विशेष रूप से आग्रह किया कि सभी अपने घरों में शादी, जन्मदिन और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में प्लास्टिक के चम्मच, गिलास, कटोरी के बजाय लकड़ी के चम्मच, कागज और पत्तों से बने दोने व गिलास का ही उपयोग करें। समिति के सुनील शर्मा एवं राकेश रक्कू शर्मा ने बताया कि समिति ने मैरिज लॉन संचालकों से भी अपील की कि वे अपने परिसर में प्लास्टिक सामग्री का उपयोग पूरी तरह से बंद करें। इस अवसर पर नागरिकों से यह अनुरोध किया गया कि सप्ताह में एक दिन मोबाइल उपवास रखें, ताकि सामाजिक सरोकार और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बल मिले। रैली में शामिल वक्ताओं ने प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्लास्टिक से बने चम्मच, गिलास और कटोरियों के उपयोग से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए प्लास्टिक का त्याग कर वैकल्पिक और पर्यावरण हितैषी सामग्री का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है।



समिति ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस मुहिम में सहभागी बनें और बैतूल को प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। एक छोटा बदलाव, भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है। जागरूकता यात्रा में प्रमुख रूप से नवीन तातेड, प्रदीप खंडेलवाल, सुनील शर्मा, बबलू दुबे, हंसराज धुर्वे, दीपक मेहता, अजय वर्मा, अनिल सिंह ठाकुर, बलवंत धोटे, संजय शुक्ला, सुनील द्विवेदी, महेश राठौर, अतीत पवार, रक्कू शर्मा, प्रफुल्ल गोठी, मनीष मिसर, बिट्टू बोथरा, धीरज हिरानी, रजनीश जैन, आशीष शर्मा, अतीत अग्रवाल, राकेश, सुनील पवार, विक्की, बिट्टू खुराना, प्रमोद खुराना, संतोष यादव, संतोष भलावी, नयन शर्मा, जय, आनंद सोनी, बलवीर मालवी, प्रेरणा शर्मा, नंदिनी तिवारी, रवि त्रिपाठी, मोहिरा समुद्दीन, बल्लू मालवी, महेंद्र सोनी, सूरज मंदरे, मुकेश झारे, प्रकाश, दीपक श्रीवास्तव, रामकुमार मालवीय, बबलू जैन, पंकज आर्य, कुणाल शर्मा, बबलू गायकवाड, सुरेंद्र यादव, प्रणय मरोठी, राकेश, योगेश, राजेश यादव, बबलू, राकेश, अतुल वर्मा, राहुल मिश्रा, राजा, यशवंत पवार, राकेश गुप्ता, रोहित यादव, रज्जू मालवीय, रामकुमार मालवीय, अनिल शर्मा, दिनेश मंदरे, दीपक मंदरे, श्याम उदासी, राकेश पवार, श्याम सरनेकर अमन यादव, मनीष यादव, बबलू पाल, शेखर राजपूत, सोहन मालवीय, आदर्श, पप्पू शर्मा, मयंक पांडे, हर्ष दीपक, सूरज शुक्ला, राहुल परते, राकेश, मोहित चौकीकर सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### जिला रोजगार मेला की व्यवस्था सुनिश्चित करनें एसडीएम ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन एवं जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय नर्मदा पुरम के सहयोग से 5 मार्च बुधवार को शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश की 20 कंपनियां कैंपस सिलेक्शन के माध्यम से युवाओं को रोजगार प्रदान करेगी साथ ही जिले के 9 शासकीय विभाग भी अपने काउंटर लगाकर युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगी इसी व्यवस्था को देखने के लिए एसडीएम सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार द्वारा महाविद्यालय में मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला रोजगार कार्यालय नर्मदा पुरम से धर्मेश तिवारी जी को आवश्यक निर्देश दिए एवं महाविद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ को रोजगार मेले के प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह एक युवाओं के लिए शुभ अवसर है जिसमें हमारे स्थानीय विद्यार्थी को रोजगार प्राप्त होगा इसके लिए सभी स्थानीय शिक्षण संस्था ग्राम पंचायत नगर पालिका एवं आसपास के समस्त संस्थानों में फ्लेक्स एवं पंप्लेंट के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।

### 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में डाली आहुतियां, पूर्णाहुति आज

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में तहसील घोड़ाडोंगरी के बटकीडोह (चोपना) में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के प्रवक्ता रविशंकर पारखे ने बताया कि यह महायज्ञ 23 फरवरी तक काली मंदिर चौराहा परिसर, बटकीडोह में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ



जल कलश यात्रा व देव पूजन के साथ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला में पहुंचकर आहुतियां अर्पित की। टोली नायक धनराज धोटे ने गायत्री परिवार व यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि यज्ञ से पर्यावरण संरक्षण होता है और सकारात्मक सोच का वातावरण बनता है। वहीं, प्रज्ञा पुराण में व्यक्ति निर्माण एवं परिवार निर्माण पर प्रकाश डाला गया। आयोजन समिति के महादेव मंडल, एन.सी. बल, एम.एल. गाठिया, चंद्रमूल रजने, डॉ. मनोज पाटणकर, सुनील शर्मा, मधु यादव, डॉ. टी.सी. अनघोरे ने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में पधारने का अनुरोध किया है।

# महाशिवरात्रि मेला-शिव भक्तों की आस्था से पचमढ़ी बनी कैलाश धाम

## जिला पंचायत सीईओ ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित मेले के छठवें दिन भी भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। हर भोला, हर- हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। अपने आराध्या भोलेनाथ के लिए भक्तों के आस्थापूर्ण जय घोष ने सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी को कैलाश धाम बना दिया। दुर्गम मार्ग होने के बावजूद, श्रद्धालु पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ चौरागढ़ महादेव के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। शनिवार 22 को एक लाख से अधिक भक्तो ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए।



प्रशासन द्वारा मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। साफ-सफाई व्यवस्था बेहतरीन बनी हुई है, जिससे मेला क्षेत्र स्वच्छ और सुव्यवस्थित नजर आ रहा है। पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से तैनात है, जिससे भीड़ को नियंत्रित कर मार्ग को गतिशील बनाए रखा गया है। उच्चाधिकारी स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धारित स्थलों पर भक्तों के लिए चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी पूरी कर्मठता और समर्पण भाव से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में आज एक श्रद्धालु बेहोशी की हालत में डीपी प्वाइंट के नीचे मिला जिसको एसडीआरएफ की टीम द्वारा कैंप बीड ला कर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया तथा तुरंत पचमढ़ी हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

अध्यक्ष महादेव मेला समिति सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में आज मेला संबंधी बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम पिपरिया, वन विभाग, साडा, जल विभाग, विद्युत विभाग, होम गार्ड, खाद्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, नोडल कंट्रोल रूम एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया, जिसमें साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, पुलिस समन्वय एवं भोजन आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मेले की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित सेक्टर अधिकारियों (मजिस्ट्रेट) की है। बैठक के उपरांत मुख्य कार्यपालन श्री रावत ने महादेव स्थल का निरीक्षण भी किया। महाराष्ट्र एवं अन्य स्थानों से आए मंडलों द्वारा भक्तों के लिए निःशुल्क नाश्ता, भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है।

## जिले में निरोगी काया अभियान प्रारंभ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में निरोगी काया अभियान संचालित किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि यह अभियान आगामी 31 मार्च तक चलाया जाएगा। अभियान में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं एनएएफएलडी (नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर) की 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग एवं रीस्क्रीनिंग की जाएगी। अर्थात तीन बड़ी बीमारियों, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और लीवर में फैट की स्थिति देखी जायेगी।

अभियान के तहत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर हेल्थ केम्प लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता और एएनएम घर-घर जाकर 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आने के लिये प्रेरित करेंगी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य संस्थाओं में उनकी स्क्रीनिंग और रीस्क्रीनिंग की जाएगी। मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के चिन्हित हितग्राहियों को प्रथम बार में निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर जांच नि:शुल्क होगी और रिपोर्ट तुरंत प्राप्त होगी। सीएमएचओ डॉ. देहलवार ने बताया कि हर स्क्रीनिंग और स्क्रीनिंग का डेटा एनसीडी पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। इस प्रकार 30 वर्ष उम्र से अधिक की आयु वर्ग के व्यक्तियों का डेटा संधारित हो जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान और नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करना है। ये बीमारियाँ प्रारंभिक अवस्था में बिना लक्षणों के होती हैं, लेकिन आगे चलकर हृदय रोग, लकवा, किडनी व लीवर की बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इसलिए इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य जांच, रोग की शीघ्र पहचान और सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क उपचार की सुविधा।

## बोर्ड परीक्षाओं में शुचिता बनाए रखने और सफल संचालन हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से आयोजित हो रही हैं। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्षों एवं सहायक केंद्र अध्यक्षों की नियुक्ति कर सामग्री वितरण कर दिया गया।

छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा न हो, वह अत्यंत स्वस्थ वातावरण में तनाव मुक्त होकर परीक्षा दे सकें इस हेतु संपूर्ण व्यवस्थाएं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। परीक्षा कार्य में लगे हुए लगे हुए शिक्षा विभाग के संपूर्ण अमले को पूर्ण सावधानी के साथ कार्य करने के निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने दिए हैं। हर वर्ष जी तरह इस बार भी माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश के अनुरूप केंद्र अध्यक्षों एवं सहायक केंद्र अध्यक्षों की नियुक्ति रेंडमाइजेशन के आधार पर की गई है, जिससे परीक्षा पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपादित की जा सके। इस पद्धति में पूर्व से यह निर्धारित नहीं होता कि कौन सा केंद्र अध्यक्ष या सहायक केंद्र अध्यक्ष किस केंद्र पर जाएगा एवं उन्हें जिले में किसी भी केंद्र पर नियुक्त किया जा सकता है।

इस बार परीक्षा में राजस्व विभाग के अमले को भी कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है जो थाने से पेपर निकालना और खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कर मोबाइल ऐप के माध्यम से रिपोर्ट करेंगे। जिले की परंपरा के अनुरूप परीक्षाएं पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो, परीक्षा की शुचिता बनी रहे तथा विभाग के प्रत्येक शिक्षक व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ अपना कार्य करें इस हेतु कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत सीईओ श्री रावत, एडीएम श्री डी के सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी बिसेन को संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था पर कड़ाई से नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए धर्मकांटों एवं तौल कांटों के सत्यापन किया जाए: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन प्रक्रिया 1 मार्च से प्रारंभ होने की संभावना है। उक्त प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के समस्त गोदामों के धर्मकांटों एवं समिति के तौल कांटों का खरीदी के पूर्व अनिवार्य सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सहायक संचालक, विधिक एवं नापतौल विभाग, जिला नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि सभी तौल यंत्रों की जाँच समय-समय पर की जाए और तौल संबंधी किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उसका पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाना भी सुनिश्चित करें।



## भाषा के विकास में तकनीक बने सहयोगी: पंत

### हिंदी विवि में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**भोपाल, देशबन्धु।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। यह संगोष्ठी राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी और हिंदी प्रेमी उपस्थित थे।

तकनीकी युग में मातृभाषा का अस्तित्व और चुनौतियां विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत शामिल हुए। श्री पंत ने कहा कि आज यह ध्यान रखना आवश्यक है कि भाषाओं के विकास में तकनीक हावी न हों जाए और हम तकनीक के गुलाम न हो, बल्कि तकनीक के स्वामी हों। उपभोक्तावादी संस्कृति संघर्ष बढ़ा देती है। आज यह जरूरी है कि हम अपनी ज्ञान परम्परा और समृद्ध संस्कृति को महत्व दें, तभी प्रकृति से भी जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल ने कहा कि भाषायी सद्भावना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और उपयोग की बात कही गई है। मध्यप्रदेश में हिंदी ग्रंथ अकादमी ने भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अनेक प्रकाशन किए हैं। इसके साथ ही अनुवाद को भी महत्व दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर खेमसिंह डहेरिया ने कहा कि शीघ्र ही विभिन्न भाषाओं का संयुक्त कोष प्रकाशित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में चिकित्सा और अभियांत्रिकी पाठ्यक्रमों के हिंदी में प्रारंभ होने से हिंदी का प्रचार बढ़ा है। विभिन्न भाषाओं की श्रेष्ठ पुस्तकों का अन्य भाषाओं में अनुवाद भी जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस का आयोजन यूनेस्को द्वारा की गई पहल है। सिंधी भाषा के प्रतिनिधि के रूप में अशोक मनवानी और श्रीमती कविता इसरानी ने हिस्सा लिया। श्रीमती इसरानी ने सिंधी भाषा की उत्पत्ति, विकास, विभिन्न लिपियों के उपयोग और विभाजन के कारण भाषा संरक्षण में उत्पन्न समस्याओं पर रोशनी डाली। मराठी भाषा के प्रतिनिधि भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारीअनिल निगुडकर और विश्वविद्यालय के कुल सचिव शैलेन्द्र जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

### चायनामा की पहली सालगिरह पर दास्ताने-ए-भोपालियत का आयोजन 26 को

**भोपाल, देशबन्धु।** हैल्पबॉक्स सोश्यो आर्ट इनिशिएटिव के तहत चायनामा संवाद अपना एक वर्ष पूर्ण कर रहा है। चायनामा के विभिन्न सत्रों में कई शख्सियतों ने इस मंच को अपनी जीवन एवं कला यात्रा तथा संस्मरणों से नवाजा और समृद्ध किया है। इसी कड़ी में बुधवार 26 फरवरी की शाम दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित 'चायनामा' इस बार भोपालियत पर केन्द्रित होगा, भोपाली किस्सों और नामी हस्तियों की दिलचस्प बातें का लुत्फ़ रहेगा। वरिष्ठ कवि राजेश जोशी, शायर, एंकर बद्र वास्ती और रंगकर्मी रफ़ी शब्बीर इस आयोजन में अपने अनुभव साझा करेंगे।

## प्रो. अग्रवाल, साइप्रस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा मानद उपाधि से सम्मानित



**भोपाल, देशबन्धु।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो विजय कुमार अग्रवाल को साइप्रस इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी टैक्सास अमेरिका द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित दीक्षांत समारोह में रसायन शास्त्र में डी. एससी. की मानद उपाधि से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। यह सम्मान 22 फ़रवरी को विश्वविद्यालय के अफ़्रीका स्थित अदिस अबाबा, इथियोपिया में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जायेगा।

प्रो विजय कुमार अग्रवाल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 2सौ से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किये हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 1984 में डी फिल. की उपाधि अर्जित की तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में रसायन शास्त्र के आचार्य और विभागाध्यक्ष पद से 2022 में सेवानिवृत्ति के उपरांत आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल में कुलगुरु के रूप में कार्यरत हैं। उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय को नैक से ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है।

प्रो अग्रवाल राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल में 2009 से 2014 तक निदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें यूनेस्को फैलोशिप भी प्राप्त हुई है जिसके अंतर्गत उन्होंने टोक्यो इंस्टीटूट ऑफ टेक्नोलॉजी जापान से एम टेक की उपाधि भी प्राप्त की। वर्ष 1990 में मप्र साहित्य अकादमी द्वारा उन्हें पं. रविशंकर शुक्ल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

प्रो. अग्रवाल मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं तथा उनकी तीन काव्य कृतियां प्रकाशित हैं। विज्ञान और साहित्य पर उनकी 16 पुस्तकें प्रकाशित हैं। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनके द्वारा पुस्तकों की समीक्षा प्रकाशित होती रही हैं। साइप्रस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा दिये जा रहे सम्मान पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ साधना कपूर, अध्यक्ष डॉ सुनील कपूर, टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन के कुलगुरु प्रो एम एल कोरी, विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल रिसर्च प्रो वी के सेठी, प्रबंध निदेशक डॉ बी एन सिंह और मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन के साथियों ने उन्हें बधाई दी है।

## बांध में मिला युवक का शव

### पिता से विवाद के बाद घर से निकला था

भोपाल, देशबन्धु। हथाईखेड़ा बांध में एक युवक का शव मिला है। बताया जाता है कि दो दिन पहले वह पिता से विवाद कर घर से निकला था। बांध के करीब ही युवक की स्कूटी भी मिली है। ऐसे में पुलिस इसे खुदकुशी का मामला मानकर चल रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक गौरव चौकसे पुत्र लीलाकिशन चौकसे उम्र 36 वर्ष निवासी माता मंदिर पठार आनंद नगर ठेकेदारी करता था। 19 फरवरी को उसका पिता से लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह नाराज होकर वह घर से निकल गया। परिजन उसको काफी तलाशते रहे वह नहीं मिला। रात भर घर भी नहीं लौटा। परिजनों ने गुरुवार को दोबारा तलाश शुरू की। इस दौरान शाम को हथाईखेड़ा बांध के पास उसकी गाड़ी खड़ी दिखी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस के साथ बांध में तलाश की, तब उसका शव पानी में तैरता दिखा। इसके बाद गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक के पास कोई पत्र नहीं मिला है और न ही अभी परिजनों के बयान हो सके है। ऐसे में खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल मर्ग दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उधर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद मृतक के छोटे भाई दीपक ने बताया कि भैया की एक बेटी है। वर्तमान में भाभी पूजा गर्भवती हैं। हर परिवार में आम तौर पर विवाद होते हैं, भैया यह कदम उठाएंगे किसी ने नहीं सोचा था। वह घर से बिन कुछ बताए निकले थे।

## कृषि विपणन पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि मंत्रालय, द्वारा भोपाल हाट में कृषि विपणन पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारम्भ नाबार्ड की मुख्य महा प्रबन्धक श्रीमती सी सरस्वथी द्वारा शुक्रवार को किया गया। प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश के विभिन्न किसान समूहों अपने उत्पाद लेकर शामिल हुए है। इनमें जैविक उत्पाद एवं अनेक फूलों की किस्में का मुख्य आकर्षण हैं। वहीं प्रदर्शनी स्थल पर शाम को संगीत, सूफी गायन एवं गजल के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम में श्रीमती सरस्वथी ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए विपणन एवं निरीक्षण निदेषालय एवं नाबार्ड द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। सहायक कृषि विपणन सलाहकार अक्षय याकूब द्वारा उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। नाबार्ड से ही अविनास सवलकर ने किसान उत्पादक संगठन योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में डीएमआईके अधिकारी एनपी सिंह द्वारा प्रदर्शनी में सभी अतिथियों, अन्य विभाग के अधिकारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया। इस प्रदर्शनी में नाबार्ड द्वारा सहायतार्थ 20 किसान उत्पादक संगठनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया है और विभिन्न प्रकार के उत्पादों जैसे जैविक मसाले, आचार, शहद, गुड़ दालें, मिलेट्स एवं अन्य औषधीय पौधों के गुणकारी पाउडर के स्टाल लगाये है। वेअपने उत्पादों हेतु मार्केटिंग कर रहे है। इसी तरह राज्य उद्यानिकी विभाग की ओर से भी लगभ 10 किसान उत्पादक संगठनों ने प्रदर्शनी में भाग लिया है एवं उन्होंने तरह तरह के गुलाब की किस्मों, कृषि यंत्रों एवं किसानों हेतु विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित कर रहे है। प्रदर्शनी में केनरा बैंक, सेन्ट्रल बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफइण्डिया, भोपाल दुग्ध संघ, कृषि उपज मण्डी समिति भोपाल ने भी भाग लिया एवं किसानों एवं किसान संगठनों हेतु अपनी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## बैंक कर्मियों ने शुरू की हड़ताल की तैयारी, किया प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** बैंकिंग उद्योग में खाली लाखों पदों को भरने और 5 दिवसीय बैंक सप्ताह व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर देशभर के बैंक कर्मचारी 24-25 मार्च को हड़ताल करेंगे। भोपाल सहित मध्य प्रदेश में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है। इसी संदर्भ में भोपाल में बैंक कर्मियों ने शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक जोनल ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा को यूनियन के पदाधिकारी वीके शर्मा, दिनेश झा, प्रवीण मेघानी, निर्भय सिंह ठाकुर, दीपक रत्न शर्मा, विशाल धमेजा, भगवान स्वरूप कुशवाहा, वीएस नेगी, सुनील सिंह, सुबीन सिन्हा, केके त्रिपाठी, संतोष जैन ने संबोधित किया। यूनियन के वीके शर्मा ने बताया कि देशभर के 10 लाख बैंक कर्मचारी काम के बोझ से परेशान हैं। दरअसल बैंकिंग सेक्टर में लाखों पद खाली हैं, जिससे वर्तमान में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। उधर सरकार भर्ती करने को तैयार नहीं है, जिससे कर्मचारी नाराज हैं और हड़ताल का ऐलान कर चुके हैं। श्री शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश की बैंकों में 50 हजार से अधिक कर्मचारी हैं, जो इस हड़ताल में शामिल होंगे। कर्मचारियों ने पेंशन से जुड़ी मांगें भी रखी हैं। इनमें पेंशन अपडेशन, पेंशन योजना में सुधार और डीए से जुड़ी परिभाषित लाभ पेंशन में शामिल होने का विकल्प देना प्रमुख हैं। वे ग्रेच्युटी अधिनियम में संशोधन कर 25 लाख रुपए तक की सीमा बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।

**यह हैं कर्मचारियों की मांगें :** सभी संवर्गों में रिक्त पदों पर पर्याप्त भर्तियां की जाएं, पांच दिवसीय बैंक सप्ताह के मुद्दे पर हुई सहमति का अविलंब क्रियान्वयन करें, नियमित कार्यों में आउटसोर्सिंग बंद की जाए, लंबित अवशिष्ट मुद्दों का निराकरण न होने से बैंक कर्मियों में आक्रोश है, इनका समाधान करें, दुर्व्यवहार और हमलों के खिलाफ बैंक कर्मियों को सुरक्षा दें, सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए, बैंकों में कामगार और अधिकारी निर्देशकों के पदों को शीघ्र भरा जाए, आयकर से छूट के साथ 25 लाख रुपए तक की सीमा बढ़ाने के लिए ग्रेच्युटी अधिनियम में संशोधन करें, रियायती शर्तों पर दिए जाने वाले लाभों पर आयकर की वसूली बैंक कर्मियों से की जा रही है जो अनुचित है।

# साहित्य

# डॉ, खूबचन्द बघेल-मेरी स्मृति में

■ डॉ. सत्यभामा आडिल

डॉ. खूबचन्द बघेल को स्मरण करना यानी एक ऊर्जावान व्यक्तित्व,जो कभी थके नहीं,ऐसे व्यक्तित्व स्मरण करना है!

19 जुलाई 1900 को जन्मे व 22 फरवरी 1969 को,69 वर्ष की आयु में,दिवंगत हो गए। छत्तीसगढ़ के स्वप्नद्रष्टा के रूप में वे याद किये जाते हैं,याद किये जाते रहेंगे। बचपन में मैंने उन्हें समाज सुधारक के रूप में जाना था। यह भी सुनने में आया कि उन्होंने अपनी तीनों बेटियों की शादी कुर्मी समाज के अन्य फिरकों में की थी,फलस्वरूप वर्षों तक वे मनवा कुर्मी समाज से बहिष्कृत किये गए थे।सामाजिक बहिष्कार की पीड़ा अत्यधिक दुखदायी होती है, पर डॉ, बघेल ने बहुत हिम्मत के साथ सामना किया। न कुंठा, न निराशा,न शिकायत,उलटा समाज के लोगों के कुंद दिमाग के कपाट खोलते गए। कुछ वर्षों बाद

एक दिन ऐसा समय आया जब समाज ने उन्हें शामिल कर लिया!

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया।ऐसे ही समय 1966 दिसम्बर में नागपुर के अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महाधिवेशन में, मैं उनके निकट सम्पर्क में आई।उसी समय दूसरे दिन महाराष्ट्र कुनबी समाज का राज्यस्तरीय सम्मेलन भी हुआ।

सन्त तुकडोजीमहाराज, स्वामी आत्मानन्दजी, बृजलाल वर्माजी, केंद्रीय योजना मंत्री अशोक मेहता, महामंत्री बाबू गुप्तनाथ सिंह सम्मिलित थे। अध्यक्ष बाबू लक्ष्मण चन्द्र सिंह जी थे-,जो वर्षो तक कुर्मी क्षत्रिय जागरण मासिक पत्रिका निकालते रहे। नागपुर का महाधिवेशन ऐतिहासिक था। डॉ. बघेल का प्रभाव सर्वव्यापी था--उन दिनों ! समाज के कार्यक्रम में भाग लेने का मेरा पहला अनुभव था।में अकेली युवा महिला मंच पर थी। डॉ, बघेल मेरा ध्यान इस तरह रख रहे थे- मानों मैं उनकी अपनी बेटी हूं!

जब अंतिम दिन समापन के अवसर पर,सन्त तुकडो जी नेअपने निवास पर अतिथि स्वजातियों के लिए महाभोज रखा,तो मैं सन्त तुकडो जी के फकीराना अंदाज,सरलता,प्रेम भाव को देखकर विस्मित थी!

एम,ए, पास होने के पूर्व ही मेरी शादी हो गयी थी-1965 में । एक साल बाद मैं नागपुर के इस महाधिवेशन में उपस्थित थी। डॉ. बघेल मानों मेरे अभिभावक थे। मेरे पति रीवा से आये थे।मैं रायपुर से गई थी-,सम्मानित ग्रुप के साथ। मेरा दायित्व यह ग्रुप निभा रहा था-डॉ, बघेल,बृजलाल वर्मा, स्वामी आत्मानन्दजी,तरेसर वाले भुजबल जी जो बाद में संन्यासी हो गए थे।

सन्त तुकडोजी ,भोज के बाद,मुझसे बोले-'-सत्या बेटी,तुम आमचा महाराष्ट्र में रुक जाओ विधानसभा के लिए। तुमको टिकिट मिलेगी। तुम्हारा भाषण सुनकर,तुम्हारी वक्तृत्व शैली मुझको बहुत अच्छी लगी।'

मैं चुप थी। डॉ, बघेल ने तत्काल प्रतिवाद किया-'नहीं महाराज,इसे राजनीति में आना होगा, तो मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ेगी। हमारी बेटी हमारे घर से चुनाव लड़ेगी। अभी तो यह सिर्फ 22 साल की है।

स्व, बृजलाल वर्मा और भुजबल जी ने भी यही कहा! स्वामी आत्मानन्दजी मुस्कुराते हुए बोले-'महाराज, देखिए, इसकी गोद में 3 माह का बेटा है। पहले यह मां का दायित्व निभाएगी! राजनीति बाद की बात है!'



डॉ, बघेल ने हामी भरते हुए कहा-'सही बात है महाराज'। डॉ, बघेल ने मेरी गोद से बेटे को लेकर महाराज की गोद में दिया ! महाराज ने दोनों हाथों में मेरे नन्हे शिशु को लिया और पुचकारते हुए,आशीष दिया। उनके कमरे में विठ्ठल भगवान के विभिन्न रूपों की अनेक मूर्तियां क्रम से विराजमान थीं। एकमूर्ति से स्पर्श कराकर बच्चे को मेरी गोद में डाला।

डॉ, बघेल ने मेरे कंधे को थपथपाते हुए कहा-'बच्चे को महाराज और भगवान दोनों का आशीष मिल गया।'

मेरे मातृत्व सुख का झोला भर गया !

मेरा पहला सामाजिक सम्मेलन का अनुभव अद्भुत व अविस्मरणीय रहा। डॉ, बघेल को इससे पूर्व मैंने सन1960 दिसम्बर में देखा था।

रायपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस के महाधिवेशन में पण्डित जवाहरलाल नेहरू, गोविन्दवल्लभ पंत, सुचेता कृपलानी, वगैरह शीर्षस्थ राजनेता आये हुए थे।

इंजीनियरिंग कॉलेज की नई बिल्डिंग में कांग्रेस सेवादल के स्वयंसेवकों का शिविर लगा था।पण्डित नेहरू के साथ राजनेताओं का जुलूस कांग्रेस भवन से तात्यापारा चौक होते हुए,आजाद चौक की ओर बढ़ा।

नेहरूजी खुली गाड़ी में खड़े थे।जैसे ही जुलूस कुर्मी बोर्डिंग के पास पहुंचा,वैसे ही नेहरूजी ने हाथ हिलाकर आवाज लगाई-'डॉ, बघेल जय हिंद!'

दोनों हाथ जुड़े थे ! लोगों ने देखा-'कुर्मी बोर्डिंग के दरवाजे के सामने डॉ, बघेल,दोनों हाथ ऊपर की ओर नमस्कार की मुद्रा में रखे खड़े थे!

लोगों ने आश्चर्य से देखा। मैं विद्यार्थी वर्ग में ,लड़कियों के जत्थे में,कांग्रेस सेवादल के समूह में चल रही थी।

मैंने भी पलटकर दोनों को एक दूसरे से जयहिंद करते,हाथ हिलाते देखा। मुझे गर्व हुआ कि डा, बघेल को नेहरूजी पहचानते थे। जयहिंद की पहल नेहरूजी ने ही की थी!

उस घटना के बाद मैंने सन 1966 में नागपुर में देखा, उनका स्नेह प्राप्त किया। तीसरी बार 6 सितम्बर 1968 को, वे सुबह सुबह सीहोर (भोपाल) में मेरे निवास पर आए।

मेरे पति की पोस्टिंग सीहोर के कृषि महाविद्यालय में थी। हम रीवा से सीहोर आ गए थे। उस समय हमारे पास फोन नहीं था।और न ही स्कूटर था। वह दिन मेरे बेटे का जन्मदिन था। उन्हें जन्मदिन स्मरण था।वे राज्यसभा सदस्य थे।मेरे पति को वे अपार स्नेह करते थे पुत्र की तरह।वे इलाहाबाद होते हुए आये थे,तो हमारे बेटे के लिए बनारस की लकड़ी के बने रंग बिरंगे खिलौने,गंगाजल, व बड़ी सी डलिया लेकर आये थे।

उनके अकस्मात आगमन से हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था। लोगों को पता चला, तो मिलने वाले वी,आई, पी, लोगों का तांता लग गया। वे तीन दिन हमारे घर रहे। छोटे से दो कमरे के घर में उन्हें बहुत आनन्द आया.। वे बेटे को गोद में लेकर घूमते। हमने तांगे में बैठाकर उनको घुमाया। वे इतने सरल व आत्मीय थे हमारे लिए मानो हमारे पिता हों।

बहुत सी सामाजिक चर्चाएं भी करते थे।समाज की कूपमण्डूकता से वे दुखी होते थे,पर उनका समाज प्रेम उत्कट था।

उनके जाने के बाद ,कई दिनों तक सूनापन सा छाया रहा।

जाते-जाते उन्होंने एक विशेष बात कही--

'में एक नाटक लिख रहा हूँ किसानों की समस्या पर!नाम है 'गरकट्टा'! अभी मेरे बैग में है--उसे पूरा करके तुम्हें दूंगा। पढना। उसका मंचन करना है। पथरी के लड़कों को तैयार करूंगा। सिलियारी में करने की सोच रहा हूँ। गर्मी की छुट्टी में तुम लोग आना। मनहर तुम्हें पथरी लेकर आएगा'!

फिर इनकी तरफ मुड़कर बोले- 'सत्या ल ले के आबे बाबू,पथरी। तोला नेवता देवथव !'

'हव बाबूजी!' कहत हुए इन्होंने प्रणाम किया मैंने भी प्रणाम किया। मेरे बेटे को चुम्मा दिए।और स्टेशन रवाना हुए। हमारा तांगेवाला नब्बू मियां स्टेशन ले गया। मेरे पति स्टेशन गए।

हमें क्या मालूम था कि यह हमारी अंतिम मुलाकात है ।

हम तो गर्मी की छुट्टी की प्रतीक्षा करते रहे।

भोपाल में विधानसभा का चालू सत्र देखने गए। तब हम बृजलाल वर्माजी के बंगले में रुकते-पारिवारिक सम्बन्ध था। वे संविद सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। समय बीता फरवरी का महीना आया। वर्माजी सीहोर दौरे पर आए सपरिवार।उनकी पत्नी व बच्चों ने खाना खाया। जब वे और आडिल साहब खाने बैठे, उसी समय उनका पी,ए, वायरलेस का संदेश लेकर अंदर आया 'दिल्ली में डॉ, बघेल का हृदयाघात से देहावसान हो गया। उनका शव मालगाड़ी से रायपुर ले जा रहे हैं। भोपाल स्टेशन तत्काल पहुंचे।' रोटी का 'कौर' हाथ से गिर गया। जमीन में बैठकर खा रहे थे। उस समय हमारे पास डायनिंग टेबल नहीं था। वे आडिल साहब के साथ अपनी सरकारी गाड़ी में भोपाल स्टेशन पहुंचे।

अजीब सा लगा जानकर कि इतनी बड़ी विभूति का शव मालगाड़ी में?

छत्तीसगढ़ के लोगों में आक्रोश था-!

बाद में दोनों सदन में यह प्रस्ताव पास हुआ कि ऐसे महत्वपूर्ण हस्तियों को सम्मानित ढंग से उनके गृहनगर ले जाया जाय।

हमें ऐसा महसूस हुआ--जैसे हमारा कोई नहीं।बहुत अपना सा छिन गया।हमने होली नहीं मनाई। गम में डूबे रहे। ख्याल आया -'उस नाटक का क्या हुआ?'

फरवरी के प्रथम सप्ताह में उन्होंने 'अहिवारा' में किसान आंदोलन किया था, उसी फरवरी में दिल्ली आए और 22 तारीख को हृदयाघात हुआ। क्या तनाव में थे? यह प्रश्न मेरे मन मेंआज तक बना हुआ है।

लंबे अरसे बाद 2 जून 1975 को मैंने रायपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में हिंदी विभाग में ज्वाइन किया।तब डॉ, नरेन्द्रदेव वर्मा हिंदी के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष थे।

25 जून को आपातकाल लगा। विज्ञान महाविद्याल का स्नातकोत्तर कला संकाय बन्द कर दिया गया।

हमने 'पहाती सुकुवा' नाट्य संस्था के बैनर तले उनके नाटक 'करमछहा' का मंचन किया! रायपुर के 'रंग मन्दिर' के नाट्यगृह में! रंगमन्दिर में मंचन के बाद कई गांवों में भी मंचन हुआ।इसी नाटक को , छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद एम, ए, हिंदी साहित्य के एक छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य के प्रश्नपत्र में शामिल किया मैंने। बड़ा गुरुतर दायित्व था मुझ पर!

फिर क्या हुआ डॉ, बघेल के 4 थे नाटक का, जिसे वे मुझे देना चाहते थे?

आपातकाल खत्म होने के बाद। -केंद्र में बृजलाल वर्मा जी व पुरुषोत्तमलाल कौशिक जी मंत्री बन गए। बाद में यह सरकार भी खत्म हो गयी। फिर कुछ वर्ष बीत गए।अचानक मेरी खोज खबर लेने बृजलाल वर्मा जी सपत्नीक घर आये।मेरे प्रति उन दोनों का स्नेह बहुत था।चाय नाश्ता करने के बाद जाते-जाते अपने कुर्ते के बाजू वाले जेब से एक पुरानी स्कूल कापी निकालकर मेरे हाथ में देकर बोले '-सत्या , ये डॉ बघेल ने तुम्हें देने को कहा था !' व्यस्तता में भूल गया था। रखो। यह तुम्हारी थाती है। मैं जिम्मेदारी से मुक्त हो गया अब!'

फिर बोले'--काका की भूल को भूल जा बेटी!'

मैं चुप रही ! कॉपी रख ली। माथे से लगाई। 'गरकट्टा' नाटक ! स्कूल वाली साधारण कॉपी में उनके गोल गोल हस्ताक्षर ! मेरे लिए धरोहर !!

आलमारी में रखा हुआ वह नाटक ।अब प्रकाशित हुआ।

कैसे पश्चाताप करूं? विलम्ब से प्रकाश में लाने के लिए जितने दोषी बृजलाल वर्मा जी यह,उससे कहीं अधिक दोषी में हूँ। प्रकाशन में विलंब के लिए।

परन्तु, ऐसा लग रहा है आज कि यह विलम्ब ठीक ही रहा।। क्योंकि किसान आंदोलन। चल रहा है । किसानों की समस्या पर लिखा हुआ नाटक गरकट्टा बिल्कुल समीचीन है।

मुझ पर असीम विश्वास करने वाले डॉ, बघेल ! ममता उंडेलने वाले डॉ, बघेल,सामाजिक प्रगति की ऊर्जा भरने वाले डॉ, बघेल!

उनके सारे रूप मुझे देखने को मिले।आज उनके नाटक 'गरकट्टा' को प्रकाशन। व विमोचन करके मुझे बहुत हल्का लग रहा है।एक ऋण था,जिससे उबर रही हूँ।

अपने समय के पुरोधा,पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नद्रष्टा--डॉ, बघेल को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन!!

व्यंग्य

# हमें तो बस डुबकी लगानी है

■ विनोद कुमार विक्की

जान लगे या जान जाएं, हमें तो बस डुबकी लगानी है, कुछ इसी तर्ज पर जिसे देखो महाकुंभ में डुबकी लगाने को आतुर दिख रहा है।

'म' वर्ण से बनने वाले शब्दों अथवा घटनाओं के कारण 'म' से महाकुंभ 2025 कई मामलों में सुर्खियां बटोर रहा है। माया, महामाया, मनोहर एवं मनोरंजक मिश्रित दृश्य वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की विभिन्न कोटियां मनोवांछित मतलब के उद्देश्य से मेले में चलते, गिरते-पड़ते और भटकते हुए दिखाई दे रहे हैं।

'म' से मर्द, मेहरारू, महापुरुष, महिला, मामूली मानव, मठाधीश से मुख्यमंत्री तक, हर कोई संगम में तन को मन से गीला करने में लगा हुआ है।

कोई 'म' से मल या मैल धोने, कोई 'म' से मोक्ष प्राप्त करने, अथवा 'म' से मनोरथ सिद्ध करने, तो कुछ 'म' से मानव जीवन धन्य करने के लिए डुबकी पर डुबकी लगाए जा रहा है। इन मामूली मानवों से माननीयों के मंगलाचरण के लिए मिलियन की संख्या में, 'म' से मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

पाठकों को बता दें कि समुद्र मंथन से अप्सरा रंभा निकली थी उसी तरह महाकुंभ मंथन 2025 में 'म' से मनका (माला) बेचने वाली मलका(सुंदर स्त्री) का अवतरण हुआ है।'म' से मोनालिसा का जादू महाकुंभ में ऐसा छाया कि कई लोग उसके साथ सेल्फी लेकर शाही स्नान वाला पुण्य प्राप्त कर लिए और कुछ अभी भी प्राप्ति में लगे हुए हैं।

इस महाकुंभ में 'म' से मत्सरी महात्मा अर्थात गुस्सैल साधु महाराज का भौकाल भी देखते ही बन रहा है। साइलेंट प्रवृत्ति वाले महात्मा का वाइलेंट मोड वाला वीडियो कब वायरल हो जाये यह महादेव को भी नहीं मालूम। बाबाजी के एट्टीट्यूड से ऐसा प्रतीत होता है कि तथाकथित महात्मा जी आम जन की तरह महंगाई, परिवार, रोज़गार अथवा राष्ट्रीय मुद्दे की चिंता से तनावग्रस्त हैं। रौद्र रुप धारण करते हुए आंतरिक मनोविकार को कभी किसी यूट्यूबर पर, तो कभी किसी अन्य पर थप्पड़, लाठी, चिमटा और त्रिशूल तान कर निकाल रहे हैं।

इसी बीच खबर आ रही है कि 'म' से ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनने से कई लोगों का हाजमा खराब हो गया है। ऐसा लग रहा है कि सुंदरी से साध्वी बनने वाले कृत्य पर भले ही उनको राणाजी माफ कर दें लेकिन उनके फैंस और विरोधी कभी माफ नहीं करेंगे।

'म' से मौनी अमावस्या वाले दिन मचे भगदड़ के कारण मोक्ष की बजाय मृत्यु प्राप्त होने वाले दर्जनों श्रद्धालुओं ने न्यूज चैनल और राजनीतिक पार्टियों को सर्दियों में गरमागरम 'म' से मुद्दा उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाई।

'म' से मुसाफ़िर को महाकुंभ तक पहुंचने अथवा घर वापसी के लिए यात्रा के दौरान जो 'म' से मशक्कत करनी पड़ रही है, वह देखते ही बनती है। ट्रेन के अंदर घुसने के लिए एक-दूसरे पर बोतल का पानी फेंकना, धक्का-मुक्की करना, ट्रेन की बंद दरवाजे-खिड़कियों को पीटना, ट्रेन की बंद गेटों पर लटक कर रेलवे यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रही है वह इस बात का प्रमाण है कि जनसंख्या के मामले में हम विश्व गुरु हैं और भीड़ जुटाने के मामले में हमारा कोई वैश्विक जोड़ीदार नहीं है। ओवरलोडेड ट्रेन अथवा बसों में सीट प्राप्त कर लेना लंबी दूरी के



श्रद्धालुओं के लिए शाही स्नान से कम नहीं माना जा रहा है। लंबी दूरी एवं लंबी अवधि वाले महाजाम के बीच गंतव्य तक पहुंच पाना मोक्ष प्राप्त करने से कम नहीं माना जा रहा है।

'म' से मज़े की बात यह है कि महाकुंभ की मजलिस में एक ओर 'म' से मक्कार प्रवृत्ति वाले मानव दूसरों का माल, मनी, मोबाइल चुराकर मालामाल बनने की जुगत में लगा हुआ है, तो दूसरी ओर छोटी-बड़ी गाड़ियों में सवार कुछ यात्री अमृत स्नान कर लौटते वक्त, तो कुछ अमृत स्नान को जाते वक्त दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यमराज का मार्च क्लोजिंग वाला डाटा फ़रवरी माह में ही पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं।

बहरहाल 'म' से महाजाम, मनोहारी और मदहोश करने वाले दृश्यों के बीच सोशल मीडिया पर तौलिया में स्नान को जाती हुई युवती अथवा बाबाजी के साथ सेल्फी लेती हुई देशी-विदेशी महिलाओं की कुछ अनसेंसर्ड तस्वीरें अथवा वीडियो भी सामने आ रही है, जिनके व्यूज को देखकर इस बात का आकलन किया जा सकता है कि मेटा के उपभोक्ता भी महाकुंभ के विभिन्न स्नानों में मानसिक गोता लगा रहे हैं।

दो ग़ज़लें

■ जोश मलीहाबादी

**सारी दुनिया है एक पर्दा-ए-राज़**
उफ़ रे तेरे हिजाब के अंदाज़

मौत को अहल-ए-दिल समझते हैं
ज़िंदगानी-ए-इश्क़ का आग़ाज़

मर के पाया शहीद का रुत्बा
मेरी इस ज़िंदगी की उम्र दराज़

कोई आया तिरी झलक देखी
कोई बोला सुनी तिरी आवाज़

हम से क्या पूछते हो हम क्या हैं
इक बयाबाँ में गुम-शुदा आवाज़

तेरे अनवार से लबालब है
दिल का सब से अमीक़ गोशा-ए-राज़

आ रही है सदा-ए-हातिफ़-ए-ग़ैब
'जोश' हमता-ए-हाफ़िज़-ए-शीराज़

**काफ़िर बनूँगा कुफ़्र का सामाँ तो कीजिए**
पहले घनेरी ज़ुल्फ़ परेशाँ तो कीजिए

उस नाज़-ए-होश को कि है मूसा पे ताना-ज़न
इक दिन नक़ाब उलट के पशीमाँ तो कीजिए

उश्शाक़ बंदगान-ए-ख़ुदा हैं ख़ुदा नहीं
थोड़ा सा नर्ख़-ए-हुस्न को अर्ज़ां तो कीजिए

क़ुदरत को ख़ुद है हुस्न के अल्फ़ाज़ का लिहाज़
ईफ़ा भी हो ही जाएगा पैमाँ तो कीजिए

ता-चंद रस्म-ए-जामा-दरी की हिकायतें
तकलीफ़ यक-तबस्सुम-ए-पिन्हाँ तो कीजिए

यूँ सर न होगी 'जोश' कभी इश्क़ की मुहिम
दिल को ख़रिद से दस्त-ओ-गरेबाँ तो कीजिए

# शिवरात्रि और नटराज : जब अस्तित्व तांडव करता है

■ सचिन सिंह परिहार

यह कोई संयोग नहीं कि शिव को 'आदियोगी' कहा गया है। यह कोई संयोग नहीं कि उन्हें 'नटराज' कहा गया है। और यह भी कोई संयोग नहीं कि महाशिवरात्रि की रात उनके जागरण की रात मानी जाती है। जब ब्रह्मांड में पहला कंपन हुआ, जब शून्य में पहली गूंज उठी, जब ऊर्जा ने गति पाई तभी तांडव प्रकट हुआ। यही नृत्य सृजन का कारण बना, यही नृत्य संहार का आधार बना, और यही नृत्य शिवत्व की पहचान बना।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं है, यह एक जीवंत संभावना है एक ऐसी रात, जब अस्तित्व हमें आमंत्रित करता है कि हम अपनी सीमाओं को तोड़ें, अपने भीतर के नृत्य को खोजें, और स्वयं को शिवमय कर लें।

यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है। लेकिन यह केवल संहार का नृत्य नहीं, बल्कि सृजन, परिवर्तन और परम चेतना की ओर एक यात्रा है।

शिव कोई व्यक्ति नहीं हैं। वे कोई ऐतिहासिक पात्र नहीं हैं। वे केवल एक देवता नहीं, वे स्वयं अस्तित्व का सार हैं। शिव अनंत हैं, वे शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर झाँक सकें, यदि अपनी सीमाओं से परे जा सकें, यदि जीवन के कंपन को महसूस कर सकें, तो हम पाएँगे कि शिव हमारे ही भीतर हैं। वे कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारी चेतना में समाहित हैं।

हमने नटराज की मूर्ति देखी है शिव का वह रूप जिसमें वे एक संतुलित मुद्रा में तांडव कर रहे हैं। लेकिन यह नृत्य केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण अस्तित्व का प्रतिबिंब है। इस नृत्य में सृजन छिपा है, संहार छिपा है, मोक्ष छिपा है। जब शिव डमरू बजाते हैं, तो यह सृष्टि की उत्पत्ति का कंपन है। जब वे अग्नि उठाते हैं, तो यह संहार नहीं, बल्कि एक नए जन्म की तैयारी है।

जब वे अपस्मार (अहंकार और अज्ञानता) को पैरों तले दबाते हैं, तो यह मुक्ति की राह दिखाता है।जब उनका एक पैर हवा में उठता है,तो यह दर्शाता है कि जो इस नृत्य को

यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है।



समझ ले, वह स्वयं भी मुक्त हो सकता है।शिव का तांडव केवल विनाश का नृत्य नहीं, बल्कि जीवन का मूल सिद्धांत है। यह वही नृत्य है जो हमारे भीतर भी हर क्षण, हर पल हो रहा है। महाशिवरात्रि कोई साधारण रात नहीं होती। यह वह रात है जब पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति कुछ ऐसी होती है कि हमारे शरीर की ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर उठती है। योगशास्त्र के अनुसार,इस रात में यदि शरीर को सीधा रखा जाए,तो ऊर्जा सहज रूप से सहस्रार (सर्वोच्च चक्र) की ओर बढ़ती है। यही कारण है कि ऋषियों और योगियों ने इसे जागरण की रात कहा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर की ऊर्जा को जागृत करने का एक अवसर है। यदि हम सच में सजग हों, यदि इस रात को सही तरीके से उपयोग कर सकें, तो यह रात हमारे भीतर एक अद्भुत परिवर्तन ला सकती है। यह रात एक संभावना है। यह रात एक साधना है। यह रात एक गति है, जो हमें हमारी सीमाओं से परे ले जा सकती है। यदि हम केवल कर्मकांड में उलझे रहेंगे, तो यह अवसर खो देंगे। लेकिन यदि इसे समझकर अनुभव कर सकें, तो यह रात जीवन की सबसे महत्वपूर्ण रात बन सकती है

यह केवल धार्मिक बात नहीं है,बल्कि विज्ञान भी इसे स्वीकार करता है। स्विट्जरलैंड स्थित ष्टश्वक्रह्र प्रयोगशाला जहाँ ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजने का कार्य हो रहा है वहाँ भगवान नटराज की एक विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड की संरचना शिव के तांडव से मिलती जुलती है। क्वांटम फिजिक्स कहती है कि ब्रह्मांड में सब कुछ निरंतर गति में है हर कण, हर ऊर्जा, हर चेतना। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, यह केवल रूप बदलती है। यही तो शिव का तांडव है सृजन, संहार और पुनर्निर्माण।

शिव का तांडव केवल सृजन और संहार नहीं, बल्कि अनुग्रह (कृपा) का भी प्रतीक है। जब हम इस नृत्य को समझ लेते हैं, तो जीवन में समर्पण का भाव आ जाता है। तांडव हमें सिखाता है कि जीवन का हर परिवर्तन, हर हलचल, हर चुनौती सब कुछ एक लय में है। यदि हम इस लय के साथ बहना सीख लें, तो स्वयं शिवत्व को पा सकते हैं। महाशिवरात्रि का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है यह रात हमें शिवत्व को अनुभव करने का अवसर देती है। केवल मंदिर जाकर कुछ रीतियाँ निभाने की आवश्यकता नहीं। केवल शिव के नाम का जाप करने से कुछ नहीं होगा। सबसे ज़रूरी है इस रात को पूरी सजगता के साथ जीना। अपनी ऊर्जा को भीतर की ओर मोड़ें। अपनी सीमाओं से परे जाने का प्रयास करें। अपने भीतर के शिव को खोजें। अगर हम ऐसा कर सके, तो हमें अनुभव होगा कि शिव केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि एक जीवंत वास्तविकता हैं। वे हर जगह हैं, हर कण में हैं, और सबसे अधिक, हमारे भीतर हैं।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, यह जीवन का उत्सव है।शिव केवल संहारक नहीं, वे पुनर्जन्म के बीज भी हैं। शिव केवल एक विचार नहीं, वे एक अनंत संभावना हैं। इस शिवरात्रि, शिव को केवल बाहर मत खोजिए। शिव को अपने भीतर अनुभव कीजिए।शिव को अपनी चेतना में जगाइए।और जब यह अनुभव हो जाएगा, तो यह सत्य प्रकट होगा

'शिव ही शाश्वत हैं, शिव ही अनंत हैं।'

**'नमः शिवाय!'**

# खेल जगत

## भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सतर्क रहना होगा: परांजपे

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले को जीतने के लिए आशावादी रहेगी, लेकिन उन्हें मोहम्मद रिजवान एंड कंपनी के अप्रत्याशित होने के कारण सतर्क रहना होगा। रविवार को, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का माहौल चरम पर पहुंच जाएगा, जब भारत दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के सामने ग्रुप ए के एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार एकदिवसीय मैच अहमदाबाद में 2023 विश्व कप में हुआ था, जिसमें टूर्नामेंट के मेजबान भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। 'भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैच में बहुत सतर्क तरीके से उतरेगा।



# भारत और पाक महा मुकाबला आज

## भारत शुभमन गिल और शमी जैसे मैच जिताने वाले क्रिकेटरों के बूते पाक से हिसाब चुकाने को बेताब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारत और पाकिस्तान के बीच चाहे वह वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच हो, टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच या फिर टेस्ट, मैदान पर

- भारत और पाक में जो भावनाओं पर काबू रखेगा, जीत उसी के हिस्से आएगी
- भारत को विराट और पाक को बाबर आजम से बड़ी पारी की आस
- भारत की कोशिश अक्षर, जडेजा व कुलदीप की स्पिन त्रिमूर्ति के सहारे पाक को बांधने की

एक ऐसा अनूठा रोमांच देखने को मिलता है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। दोनों टीमों के क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं का समुंदर खुल का हिलोरे मारता है। रविवार को सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में उतरने वाली पाकिस्तान टीम के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दुबई में खेले जाने वाले ग्रुप ए के क्रिकेट मैच पर दोनों मुल्कों के साथ दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें टिकीं रहेंगी। दोनों मुल्क अब तक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पांच बार आमने सामने हुए हैं और इनमें तीन बार बार मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान और दो बार चैंपियन रही भारतीय टीम विजयी हुई है। भारत ने 2023 के वन डे विश्व कप सहित से पाकिस्तान से पिछले पांच में चार वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच जीते हैं जबकि एक बेनतीजा रहा है। अपने उपकप्तान शुभमन गिल के लगातार दूसरे और कुल आठवें वन डे अंतरराष्ट्रीय शतक और 2023 वन डे विश्व कप फाइनल सहित सात मैचों में सबसे ज्यादा 24 विकेट चटकाने के बाद बाद चोट के चलते बाहर रह अब मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के गेंद से 'पंजे' के बूते भारत ने अपना अभियान तटस्थ स्थान दुबई में बांग्लादेश पर छह विकेट से जीत के साथ शुरू किया है।

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी





**मैच का समयः भारत वि.पाकिस्तान, दोपहर ढाई बजे से, दुबई**

रंग में चल रहे शुभमन गिल, कप्तान रोहित शर्मा, केएल राहुल और फिलहाल संघर्ष कर रहे वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इकलौते शतकों का अर्द्धशतक पूरा करने वाले विराट कोहली जैसे बल्ले से अपने दम मैच जिताने में माहिर बल्लेबाजों, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के साथ खासतौर पर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और लेग स्पिनर कुलदीप यादव के रूप में मौजूद स्पिन त्रिमूर्ति के बूते भारत बीच के ओवर में खासतौर पर पाकिस्तान के बाबर आजम, इमाम उल हक, मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा के साथ ऑलराउंडर खुशदिल शाह को बांध कर उससे 2017 के संस्करण के फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब चुकाने को बेताब है। भारत के पास पाकिस्तान से 2017 के संस्करण की हार का हिसाब चुकता कर चैंपियंस ट्रॉफी में तीन तीन की बराबरी का मौका है। ऑस्ट्रेलिया की तरह अब हुए आठ संस्करणों में सबसे ज्यादा दो दो बार खिताब जीतने वाली भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान को ग्रुप ए के अपने अहम मैच में हराती है तो वह आईसीसी चैंपियंस के इतिहास में 20 मैच जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। भारत के लिए बांग्लादेश पर मौजूदा संस्करण के पहले मैच में जीत से सबक यह है कि उसे पूरे मैच में चुस्त फील्डिंग करनी होगी जिससे की बांग्लादेश शुरू के पांच विकेट गंवाने के बाद 228 तक न पहुंच पाए। भारत के बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से जीतने वाली टीम के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ भी उतरने की उम्मीद है। यह दखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान की स्पिनरों के खिलाफ खेलने की कमजोरी को देखते हुए क्या भारत हर्षित राणा को बाहर रख उनकी जगह चौथे स्पिनर के रूप में वरुण चक्रवर्ती को एकादश में शामिल करेगा?

भारत को जूझते अपने धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और पाकिस्तान को बाबर आजम से बड़ी पारी की आस रहेगी। पाकिस्तान के शहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रउफ जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति और लेग स्पिनर अबरार आलम और बाएं हाथ के स्पिन ऑलाराउंडर खुशदिल शाह में से भारत को बस अबरार और नसीम शाह के खिलाफ जरूर कुछ चौकस रहना होगा। बेशक भारत के पास अपने बूते मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन उसके और पाकिस्तान के बीच मैच में जो टीम भावनाओं पर काबू रखेगी जीत उसी के हिस्से आएगी। बाबर आजम (64) और खुशदिल शाह (69) के अलग अलग अंदाज में जड़े अर्द्धशतकों के बावजूद मेजबान पाकिस्तान कराची में अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड द्वारा जीत के लिए रखे 321 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए 260 पर आउट होकर 60 रन से हार गया था। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेटर यह जानते हैं इसमें जीत उन्हें हीरो बना सकती है, हार जीरो। ऐसे में हर खिलाड़ी सभी रिकॉर्ड और पुराने प्रदर्शन को दरकिनार कर रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कसर नहीं छोड़ेगा। विराट कोहली अपनी पछली छह पारियों में स्पिनर के खिलाफ और इनमें भी पांच बार लेग स्पिनर का शिकार बने। विराट जब रंग में होते तो स्पिन को बढ़िया खेलते हैं। फिलहाल वह रन बनाने की जरूरत से ज्यादा कोशिश में अपना विकेट गंवा रहे हैं। पाकिस्तान की कोशिश अपने लेग स्पिनर अबरार अहमद को मोर्चे पर लगा विराट सहित भारत के शीर्ष और मध्यक्रम को सस्ते में समेट कर उस पर दबाव बनाने की होगी।

बाबर वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में स्पिन के खिलाफ बराबर जूझते नजर आते हैं हालांकि तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी बेहतर हुई है। बाबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो स्पनिरों के खिलाफ चौके लगे और न ही स्ट्राइकर रोटेट कर पाए। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 90 गेंद खेल कर मात्र चार चौकों की मदद 64 रन बनाए। भारत के पास अक्षर, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के रूप में स्पिन त्रिमूर्ति है और इसी के जरिए वह बाबर के खिलाफ स्पिन का जाल बुन आउट कर उन्हे पैवेलियन लौटाने की कोशिश करेगा। खासतौर पर कुलदीप यादव की तेजी से स्पिन हो भीतर आती गेंद पर बाबर को दिक्कत पेश आ सकती है। अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पीठ में जकड़न से न उबर पाने के बाहर रहने के बावजूद भारत के लिए अच्छी खबर है कि उसके दूसरे सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चोट टखने और घुटने की चोट के बाद वापसी कर चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का आगाज पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट चटका भारत को शानदार जीत दिला कर किया।

### एक नजर भारत-पाक के मैचों पर

भारत और पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक पांच बार भिड़े हैं। पाकिस्तान ने चैपियंस ट्रॉफी में भारत को 2004 में तीन विकेट से, 2009 में 54रन से 2017 के संस्करण के फाइनल 180 रन सहित तीन बार हराया। वहीं भारत ने 2013 के संस्करण में पाकिस्तान को आठ विकेट से और 2017 के ग्रुप मैच में 124 रन से हराया था। भारत ने दुबई में 2018 में एशिया कप में पाकिस्तान को दोनों मैच में हराया। दुबई के मैचदान पर भारत ने 7 मशं छह मैच जीते जबकि एक टाई रहा, मात्र दो बार ही जीत पाया है। दोनों देशों के बीच अब कुल 135 पनडे मैच खेले गए और इमें पाकिस्तान ने 73 और भारत ने 57 जीते जबकि पांच बेनतीजा रहे ।बीते 25 बरस में दोनों टीमें 57 बार आमने सामने हुई और भारत ने 30 और पाकिस्तान ने 26 जीते जबकि एक बेनतीजा रहा।

**'बड़े मौकों पर हमें शमी जैसे गेंदबाज की जरूरत'**

'केवल एक मैच से दुबई की पिच के मिजाज को आंकना खासा मुश्किल है। पिच पर बहुत घास नहीं थी। हम जानते थे कि यह धीमी रहेगी और रही भी। मेरा मानना है कि बतौर टीम गेंद और बल्ले से स्थितियों हमने वाकई बढ़िया तालमेल बैठाया। मैं पांच विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की गेंदबाजी से बहुत खुश हूं। हम शमी की लंबे समय से बाट जोह रहे थे। हम जानते हैं कि शमी हमारे उत्कृष्ट गेंदबाज हैं।

## भारत के जीवन-प्रशांत ने जीता युगल खिताब

**पुणे,** 22 फरवरी (एजेंसियां) शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के जीवन नेदुनचेझियन और विजय सुंदर प्रशांत ने ब्लेक बेल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस की दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी पर 3-6, 6-3, 10-0 से जीत दर्ज की और बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स टेनिस स्टेडियम में महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में युगल चैंपियन बनकर उभरे। यह जीवन और प्रशांत के लिए एक साथ पहला खिताब था, और पुणे में प्रशांत के लिए यह तीसरा खिताब था, शनिवार को भारतीय टीम की जीत ने उन्हें 7 लाख रुपये और 100 एटीपी अंक की पुरस्कार राशि दिलाई, जिससे जीवन विश्व रैंकिंग में क्रमश: 94 और प्रशांत 104वें स्थान पर पहुंच गए। रविवार को खेले जाने वाले एकल फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ब्रैंडन होल्ट का मुकाबला चेक गणराज्य के गैर वरीयता प्राप्त डैलिबोर स्वर्सिना से होगा। इससे पहले, शनिवार को सेमीफाइनल में, 26 वर्षीय



■ दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी पर 3-6, 6-3, 10-0 से जीत दर्ज की

और छठी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ब्रैंडन होल्ट, जिनकी रैंकिंग विश्व में 153 है, ने कनाडा के आठवें वरीयता प्राप्त एलेक्सिस गैलारनेउ को 7-5, 6-4 से हराने में एक घंटा और 34 मिनट का समय लिया। होल्ट ने पहले सेट में 5-0 की बढ़त बनाई, लेकिन चालाक कनाडाई गैलारनेउ ने स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया, लेकिन सेट को समाप्त नहीं कर सके। ब्रैंडन अब कनाडाई खिलाड़ी के साथ आमने-सामने की लड़ाई में 3-2 से आगे हैं। चेक गणराज्य के 22 वर्षीय दलीबोर स्वर्सिना और भारतीय फ्यूचर्स सर्किट के नियमित खिलाड़ी ने अपने पहले चैलेंजर फाइनल में जगह बनाई, उन्होंने भीड़ के पसंदीदा उज्बेकिस्तान के खुमोयुन सुल्तानोव को 6-7(8), 6-0, 3-1 से हराकर जीत हासिल की। मैच जो कि काफी आगे जा रहा था, उसे रोकना पड़ा क्योंकि खुमोयुन ने गर्मी के कारण सांस फूलने और थकान की शिकायत के बाद मैच से रिटायर हो गए।

**परिणाम**

एकल (सेमीफाइनल): (6) ब्रैंडन होल्ट (अमेरिका) ने (8) एलेक्सिस गैलारनेउ (कनाडा) को 7-5, 6-4 से हराया; डेलिबोर स्व्रसीना (चेक गणराज्य) बनाम खुमोयुन सुल्तानोव (उज्बेकिस्तान) 6-7(8), 6-0, 3-1(रिटायर)

युगल (फाइनल): (1) जीवन नेदुनचेझियन (भारत)/विजय सुंदर प्रशांत (भारत) ने (2) ब्लेक बेल्डन (ऑस्ट्रेलिया)/मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस (ऑस्ट्रेलिया) को 3-6, 6-3, 10-0 से हराया ।

## विश्व कप के लिए 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में दो चरणों में शुरु होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिये 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा कर दी गयी। ये टीम आगामी संयुक्त (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप में हिस्सा लेगी। ये प्रतियोगिताएं ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना (1-11 अप्रैल) और लीमा, पेरू (13-22 अप्रैल) में आयोजित होंगी। डबल ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर एक बार फिर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट होंगी। अन्य पेरिस ओलंपियन में अनीश और विजयवीर सिद्धू (पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल), ईशा सिंह (महिला 25 मीटर पिस्टल), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सिफत कौर समरा और श्रियांका सदांगी (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अर्जुन बाबूता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), पृथ्वीराज टोंडाईमान (पुरुष ट्रैप), अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) और राइज़ा ढिल्लों (महिला स्कीट) शामिल हैं। टीम के प्रस्थान से पहले एक राष्ट्रीय शिविर का आयोजन 14 मार्च से दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में किया जाएगा।



■ मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट होंगी

## भयानक चूक, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले बजा भारत का राष्ट्रगान

**लाहौर,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। शनिवार को गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच से पहले एक बड़ी चूक हुई, जिसमें 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' (ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान) की जगह भारतीय राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। जैसा कि आईसीसी आयोजनों में होता रहा है, हर मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। इंग्लैंड के राष्ट्रगान 'गॉड सेव द किंग' के बजने के बाद, 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' बजाया जाना था। लेकिन, मैच स्थल पर मौजूद सभी लोगों को आश्चर्य हुआ, जब दो सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया। इस गलती को तुरंत सुधारा गया और 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' बजाया गया। सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रेमियों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जो इस बड़ी गलती पर खुद को हंसने से नहीं रोक पाए। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले राष्ट्रगान की गलती कुछ ऐसी है, जिसके बारे में मेजबान संस्था पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय आने पर स्पष्टीकरण देना होगा, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी होगी। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आठ टीमों के टूर्नामेंट के अपने पहले ग्रुप बी मैच में इंग्लैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमें उपमहाद्वीप में वनडे सीरीज में हार के बाद शनिवार के मैच में उतरी थीं। इंग्लैंड को भारत में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबो में अपने दोनों वनडे मैच श्रीलंका से गंवा दिए, जो मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने ग्रुप बी मैचों में कम से कम दो जीत की जरूरत है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान भी शामिल हैं।



## सेना के लम्बी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के हांगझोऊ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर इंडोर 5,000 मीटर स्पर्धा के लिए 13 मिनट की बाधा को तोड़कर अपना नाम किताबों में दर्ज करा लिया और साथ ही अपने आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया। सेना के 26 वर्षीय डिस्टेंस रनर ने शुक्रवार रात बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहने के साथ ही एशियाई इंडोर 5,000 मीटर रिकॉर्ड में भी सुधार किया और 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्वचालित योग्यता मानक हासिल किया। गुलवीर ने बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता में 12:59.77 सेकंड का प्रभावशाली समय निकाला, जो किसी भारतीय धावक द्वारा पहला था, लेकिन वह तीसरे स्थान से चूक गए। यूएसए के ओलंपिक 1500 मीटर चैंपियन कोल होकर ने स्वर्ण पदक जीता। हॉकर का विजयी समय 12:57.82 था, जबकि कूपर टीयर 12:57.97 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जैक रेनर 12:59.43 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।



## पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे शमी, बड़ी स्क्रीन पर परिवार देखेगा मैच : मोहम्मद हसीब

**अमरोहा,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलने जा रही है। क्रिकेट प्रेमियों के साथ क्रिकेटरों के परिवारों को भी मैच को लेकर उत्सुकता है। भारत-पाक क्रिकेट मैच क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता के तौर पर विख्यात है। इस मुकाबले में मोहम्मद शमी की गेंदबाजी पर भी नजर होगी, जिन्होंने चोट के बाद शानदार वापसी की है। शमी का परिवार भी मैच को लेकर रोमांचित है। भारत-पाक मैच के अवसर पर शमी के भाई मोहम्मद हसीब ने बताया कि इस मैच को परिवार के लोग एक साथ बैठकर देखेंगे और उन्हें शमी से एक और शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। शमी ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 5 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने यह मुकाबला 5 विकेट से जीता था। मोहम्मद शमी अमरोहा जिले के सहसपुर अली नगर के रहने वाले हैं। भारत-पाक मैच के अवसर पर उनके भाई मोहम्मद हसीब ने बताया, 'भारत और पाकिस्तान के मैच में मोहम्मद शमी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## अमनजोत कौर ने खुद का समर्थन किया और मुंबई इंडियंस के लिए मैच को खत्म करना चाहती थी: मिताली राज

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने मुंबई इंडियंस की रोमांचक आखिरी ओवर की जीत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब आपके पास अमनजोत कौर जैसी एक सेट बल्लेबाज होती है, तो आपके लिए मैच समाप्त करना आसान हो जाता है। अमूल क्रिकेट लाइव, जियोहॉटस्टार पर विशेष रूप से बोलते हुए, मिताली राज ने अमनजोत कौर के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि उसने आज खुद का समर्थन किया। हरमनप्रीत कौर के साथ मध्य में समय बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, उसने अपने कप्तान को बड़े शॉट खेलते हुए देखा है और उससे सबक लिया है। वह मुंबई इंडियंस के लिए मैच को खत्म करना चाहती थी।'



नताली जर्मनोस ने जॉर्जिया वेयरहम के प्रदर्शन और हरमनप्रीत कौर के उनके महत्वपूर्ण कैच का विश्लेषण किया। 'स्मृति मंधाना के दृष्टिकोण से यह वास्तव में एक संतुलनकारी कार्य था क्योंकि वह पहले ही किम गर्थ को आउट कर चुकी थी और अपने विकल्पों के साथ संघर्ष कर रही थी।

इसलिए, यह एक बड़ा ओवर

## भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया

**भुवनेश्वर,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत एक अनुशासित रक्षात्मक खेल से की और जल्द ही इसे आक्रमकता में तब्दील कर दिया। 12वें मिनट में मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में दीपिका ने कोई गलती नहीं की। इसके तुरंत बाद वैष्णवी फाल्के और सुनेलिता टोप्पो का एक और प्रयास जर्मनी की लड़कियों ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में शुरू से अंत तक दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले किये मगर कोई सफलता नही मिली। 25 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।



■ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला)

### सुशीला चानू ने पूरे किये 250 अंतरराष्ट्रीय मैच,हॉकी इंडिया ने दी बधाई

भुवनेश्वर। हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतरराष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिए 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता और तब से लगातार सीनियर टीम में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपनी टीम का नेतृत्व किया, जो 1980 के बाद पहली टीम थी। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां भारत ने कांस्य पदक जीता। अनुभवी मिडफील्डर 2017 एशिया कप में भारत की महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीत का भी हिस्सा थी और इससे पहले 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।



### सार संक्षेप

#### ओडिशा सरकार ने खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में किया इजाफा खिलाड़ियों ने जताई खुशी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने अपने खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी पहल की है। खेल विभाग ने 39वें राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में 1 लाख रुपए की वृद्धि की घोषणा की है। इस कदम से राज्य के एथलीटों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनका मनोबल बढ़ेगा। अब, स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 4 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 3 लाख रुपए दिए जाएंगे। खिलाड़ियों ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की। वेटलिफ्टिंग कोच रविकुमार ने इस पहल पर कहा कि ओडिशा खेल विभाग की ओर से एक बहुत ही अच्छा कदम है। हर श्रेणी में पुरस्कार राशि में 1 लाख रुपए की वृद्धि की गई है, जो निश्चित ही राज्य के एथलीटों के बीच प्रोत्साहन का एक बड़ा स्रोत बनेगा।

#### दिल्ली प्रीमियर लीगः सीआईएसएफ, डीएफसी और गढ़वाल का दावा मजबूत

**नई दिल्ली।** तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग का खिताब किसके सिर सजेगा फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन इतना तय है कि यदि कोई बड़ी उठा पटक नहीं हुई तो केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), दिल्ली एफसी और गढ़वाल हीरोज एफसी में से कोई खिताब ले उड़ेगा। अंक तालिका में सीआईएसएफ 19 मैच खेल कर 41 अंकों के साथ टॉप पर है। दिल्ली एफसी और गढ़वाल ने 17 मैच खेले हैं और दोनों के 35 अंक हैं। रॉयल रेंजर्स और सुदेवा दिल्ली भी ज्यादा पीछे नहीं हैं। रॉयल और सुदेवा के क्रमशः 15 और 16 मैचों में 28 और 27 अंक हैं। बाकी टीमों में तरुण संघा, वाटिका, नेशनल यूनाइटेड, फ्रेंड्स यूनाइटेड और हिन्दुस्तान एफसी खतरनाक जोन से लगभग बाहर हैं। यदि कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो भारतीय वायुसेना और यूनाइटेड भारत एफसी को डिमोशन की मार झेलनी पड़ सकती है।

#### पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मी रतन शुक्ला ने टीम इंडिया को बताया मजबूत

**कोलकाता।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। दोनों देशों के फैंस इस महामुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मी रतन शुक्ला ने इस मुकाबले को लेकर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान का हर मैच शानदार और रोमांचक होता है। उन्होंने कहा कि इस मुकाबले के लिए सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि दर्शक भी उतने ही उत्साहित हैं।

## सार समाचार

### अपहरण और बलात्कार मामले के 5 आरोपी न्यायालय से दोषमुक्त

**सिरोंज, देशबन्धु।** अपहरण और बलात्कार के मामले में पांच आरोपियों को न्यायालय सत्र न्यायाधीश विजय पांडे सिरोंज द्वारा दोष मुक्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां सिरोंज थाने में 18/11/2020 को अपनी पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट लेकर आई थी। रिपोर्ट में लड़की की मां ने बताया था कि उसकी लड़की कन्या शाला सिरोंज का कहकर घर से कहीं चली गई है उसे शंका है कि महेंद्र उसकी लड़की को भागकर ले गया है। 3 फरवरी 2021 को पीड़िता को पुलिस थाना सिरोंज द्वारा बरामद किया गया एवं अपराध क्रमांक 63 वर्ष 2021 धारा 366 368 भाग 2 एन एवं 506 365 का अपराध दर्ज किया गया। जिसमें पीड़िता अनुसार आरोपी गोलू उर्फ महेंद्र निवासी उज्जैन द्वारा उसके साथ बलात्कार किया गया एवं उसका अपहरण करने में सहयोग पवन त्यागी, गीता मीणा, तौफीक खान निवासी सिरोंज एवं अनिल मीणा निवासी पचोर ने किया था। उक्त चार आरोपियों ने महिला को जबरदस्ती जीप में बैठाया था महेंद्र ने पीड़िता से जबरदस्ती विवाह किया था। इस मामले में 4 साल बाद आरोपी महेंद्र उर्फ गोलू निवासी उज्जैन, अनिल मीणा निवासी पचोर, गीता मीणा तौफीक खान, पवन त्यागी को न्यायालय द्वारा निर्दोष पाते हुए दोष मुक्त कर दिया गया।

### जिला बदर के आरोपी को न्यायालय ने किया दोषमुक्त

**सिरोंज, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती पल्लवी सिरोंज जिला विदिशा ने सिरोंज थाने के अपराध क्रमांक 294 वर्ष 2022 धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में आरोपी बन्ने बेलदार पुत्र मुंशी खां निवासी ग्राम चौड़ा खेड़ी को दोष मुक्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सिरोंज थाना प्रभारी बृजेश भार्गव को 20 जून 2022 को इलाका भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर का आरोपी बन्ने बेलदार अपनी कमर में अवैध रूप से चाकू रख कमलिया से पाटन की ओर जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी बृजेश भार्गव द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से एक चाकू जप्त किया गया। इस मामले में बन्ने बेलदार को विदिशा कलेक्टर द्वारा 20 अगस्त 2021 को पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रतिवेदन पर 1 वर्ष के लिए विदिशा एवं जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर ,राजगढ़ की सीमाओं से एक साल की काल अवधि हेतु निष्कासित किया गया था। जिला बदर की अवधि के दौरान कलेक्टर के आदेशों का उल्लंघन पाए हुए थाने ने उक्त मामला पंजीबद्ध किया गया था तथा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल लटेरी भेजा गया था। इस मामले में ढाई वर्ष चली सुनवाई के बाद न्यायालय द्वारा आरोपी को दोष मुक्त कर दिया गया।

### सट्टा अड्डे पर पुलिस का छापा, नगदी और मोबाइल बरामद

**अशोकनगर, देशबन्धु।** अशोकनगर पुलिस ने मुंगावली के किरमानी मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर अक्षय कुशवाह के नेतृत्व में स्पेशल टीम ने शनिवार दोपहर एक सट्टा अड्डे पर छापा मारा। सिद्दीक खान के मकान की दूसरी मंजिल पर चल रहे सट्टे के अड्डे से पुलिस ने 39 सटोरियों को गिरफ्तार किया। मौके से 69 हजार 567 रुपए नकद और 25 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके अलावा 30 खाली और 12 भरी हुई सट्टा पर्चियां भी जब्त की गईं। छापेमारी में अशोकनगर के देहात, कोतवाली और चंदेरी थाने की पुलिस टीम शामिल थी। मुंगावली थाने की टीम भी मौके पर पहुंची। सभी आरोपियों को थाने ले जाया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रही है।

### अवैध खनन से रेलवे ट्रैक के नीचे बनी खाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन से ईशानगर रेलवे ट्रैक पर खड़गांव पंचायत में ग्राम परा के पास अवैध खनन से रेलवे लाइन के पास जमीन गहरी खाई में तब्दील हो गई है। बता दें कि यहां भूमाफिया लंबे समय से अवैध रूप से खनन कर रहे हैं। जिससे रेलवे ट्रैक के नीचे का हिस्सा खाई में बदल गया है। इस मामले की जानकारी खनिज विभाग को काफी पहले दे दी गई मगर अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है। इसे देखते हुए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इससे रेलवे ट्रेक को भी नुकसान पहुंच सकता है।

# विधायक शर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा के घर पहुंचकर किया पुरस्कृत

▶ **स्व. पंडित चंद्रमोहन शर्मा स्मृति मेधावी छात्र सम्मान में प्रदान की 1 लाख 11 हजार 1 सौ ग्यारह रुपए की नगद राशि**



**सिरोंज, देशबन्धु।** गत वर्ष बारहवीं कक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके मध्यप्रदेश में टॉप करने वाली छात्रा मुस्कान दांगी को विधायक उमाकांत शर्मा ने आदर्श शिक्षक प. स्व.श्री चंद्रमोहन शर्मा स्मृति में मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान छात्रा मुस्कान का सम्मान करते हुए उन्होंने घोषणानुसार एक लाख ग्यारह सौ ग्यारह रुपए की राशि भेंट की।

शनिवार को अचानक से प्रदेश में सिरोंज का नाम रोशन करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा मुस्कान दांगी के भवानी नगर स्थित निवास पर अपनी पूर्व में की गई घोषणानुसार सम्मानित करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा स्वयं पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ मुस्कान का केसरिया शाल माला एवं श्रीकृष्ण की तस्वीर देते हुए पुरस्कार की नगद राशि सौंपी। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि गत वर्ष मुस्कान ने प्रदेश में टॉप स्थान प्राप्त करके हमारे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है छात्रों में पढ़ाई को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़े और बेहतर उच्च शिक्षा के लिए हमारे नौनिहाल बच्चे प्रगति करें इसी उद्देश्य को लेकर हमने यह पुरस्कार देने की घोषणा की थी। भविष्य में भी अगर हमारी सिरोंज लटेरी विधानसभा में शासकीय अथवा निजी विद्यालय के छात्र प्रदेश में टॉप करेंगे तब उनको भी हम आदर्श शिक्षक पंडित चंद्रमोहन शर्मा स्मृति मेधावी छात्र सम्मान से इसी प्रकार से पुरुस्कृत कर सम्मानित करेंगे। मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार छात्रों को लैपटॉप,स्कूटी सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। इस मौके पर उन्होंने दसवीं बारहवीं सहित सभी परीक्षाओं की तैयारियों में लगे छात्रों से पूरी ऊर्जा और उत्साह से परीक्षा देने की अपील करते हुए असफल या कम प्रतिशत बनने पर निराश नहीं होने की भी बात कही।

प्रोत्साहन पुरस्कार देने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा को अपने बीच पाकर उत्साहित छात्रा मुस्कान ने कहा कि एकाग्रचित तथा कठिन मेहनत की बदौलत मुझे प्रदेश में टॉप करने का मौका मिला। विधायक जी के माध्यम से मुझे जो नगद राशि मिली हे उसको वह अपनी आगे की उच्च शिक्षा प्राप्त करने में खर्च करने की बात कही। चाठोली गांव में किसान परिवार दीवान सिंह दांगी की नतिनी तथा सात भाई बहिनों में तीसरे नंबर बेटी छात्रा मुस्कान दांगी वर्तमान में सीए की तैयारी कर रही है तथा शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में कामर्स की छात्रा हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ अजय पाल दांगी,ब्राह्मण समाज अध्यक्ष गोपाल शर्मा,सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के विदाई समारोह में प्रभारी प्राचार्य का डांस करते वीडियो वायरल



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** ग्राम सुमेर दांगी हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य सुनीता अहिरवार का बच्चों के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में प्रभारी प्राचार्य फिल्मी गीत 'बिजली गिराने में हूं आई, कहते हैं मुझको हवा हवाई' पर छात्रों के साथ डांस करती दिखाई दे रही हैं। यह वीडियो 17 फरवरी को आयोजित एक कार्यक्रम का बताया जा रहा है। यह वीडियो कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह का है। मामले में एक विवाद यह भी सामने आया कि जब विदाई समारोह में डीजे पर तेज आवाज में गाने बज रहे थे। उसी दिन स्कूल में कक्षा 9वीं की परीक्षा भी चल रही थी। हालांकि, प्रभारी प्राचार्य का कहना है कि विदाई समारोह दोपहर 2 बजे शुरू हुआ, जबकि परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक थी। इस संबंध में स्कूल की प्राचार्य सुनीता अहिरवार का कहना है कि स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन रखा था। उक्त आयोजन में बच्चों के आग्रह पर कुछ देर के लिए मैने डांस किया था। वहीं इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार का कहना है कि एक वीडियो में ग्राम सुमेर दांगी में हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य के द्वारा विद्यालय में डांस करती नजर आ रही है। उक्त वीडियो की जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अगले 4 साल में उदयपुर इतिहास के मानचित्र पर एक नई करवट लेगा: तिवारी



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के कुलगुरू बनने के बाद पहली बार उदयपुर आए विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर को स्थापित करने के लिए विशेषज्ञ सक्रिय होंगे। हम सब मिलकर उदयपुर के विकास का दूसरा अध्याय शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उदयपुर जैसे ऐतिहासिक स्थानों का विशेष मास्टर प्लान बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई है। इतिहास और संस्कृति उनकी रूचि के विषय हैं. उन्हें उदयपुर की विरासत को देखने का निमंत्रण दिया गया है। इसके अलावा आर्टिफिशल इंटेलीजेन्स एआई के जरिए धरोहरों को नए स्वरूप में लोकप्रिय बनाने के लिए विशेषज्ञयों को लाने की तैयारी है। अगले चार साल में उदयपुर इतिहास के मानचित्र पर एक नई करवट लेगा। पिछले पांच वर्षो से लगातार हेरिटेज वॉक में मध्य प्रदेश की विभिन्न संस्थाओ, इतिहासकारों, पुरातत्वविदों, पत्रकारिता जगत की हस्तियों के साथ निरंतर उदयपुर आते रहे। तिवारी कुलगुरु के रूप में नए प्लान के साथ आए. मंदिर में पूजा अर्चना के बाद ग्रामीणों द्वारा पुष्पहार से सुवागत किया गया। उदयपुर मण्डल अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रमोद पल, राजा मिया, नीरज खुटा, वेद प्रकाश शर्मा, पंकज शर्मा, नीरज शर्मा, सौरभ द्विवेदी, डालचंद पाल, सुन्दर साहू, विजय ताम्रकार, महेश साहू आदि ने स्वागत किया। हेरिटेज वाक के प्रमुख प्रवीण शर्मा ने कहा कि विकास और सौंदर्यकरण के अधिकतर काम स्थानीय प्रशासन के हैं।

## सफाई व्यवस्था का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**सिरोंज, देशबन्धु।** स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत शहर में चल रही सफाई की समस्त व्यवस्थाओं का नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज शर्मा साइनाथ द्वारा निरीक्षण किया गया। शहर में चल रहे निर्माण कार्य, सड़क एवं मंडी बाईपास पर नाला एवं लिंक रोड का दोनों और नाले का भी निरीक्षण किया गया जिसमें गुणवत्ता में कोई कमी न हो इस संबंध मेंठेकेदार को मौके पर सुझाव दिया गया। शहर के अंतर्गत आने वाली शासकीय बाउंड्री वॉल पर विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग कर किया गया जिसमें स्वच्छता के संदेशों का लेखन किया गया। अध्यक्ष मनमोहन साहू द्वारा बताया गया कि स्वच्छता का सर्वप्रथम क्षेत्र स्वयं का घर होता है। व्यक्ति को अपने घर से सफाई सिखते हुए अपने विद्यालय, अपने कार्यालय, अपने बैठने वाले स्थान को साफ बनाए रखना चाहिए जिससे कि हर व्यक्ति संकल्पित होकर अपने शहर के प्रति जागरूक बना रहे। उक्त निरीक्षण में जनप्रतिनिधि संजय सोनी एवं अन्य पार्षद मौजूद रहे।

### फीडर में रखरखाव कार्य के चलते आज कई क्षेत्रों में गुल रहेगी बिजली

**सिरोंज, देशबन्धु।** 33/11 के.व्ही. सिरोंज उपकेन्द्र एवं 33 के. व्ही. सिरोंज फीडर पर रखरखाव कार्य होने के कारण हाजीपुर फीडर, पॉवर हाउस फीडर, रोहिपुरा फीडर, वाटरवर्कस फीडर, भारत ओमान फीडर, सिरोंज घरेलू फीडर, देवपुर फीडर, देहरी फीडर, पथरिया फीडर, चाठोली फीडर, की विद्युत प्रदाय रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा। उक्त फीडर से संबंधित क्षेत्र लिंकरोड, बासौदा रोड, बसस्टेण्ड, हाजीपुर, बजरिया, रैदासपथ, नयापुरा, छिपेटी, पालीवाल कॉलोनी, बेगमबाग, मण्डीरोड, किडी, कटरा, कठाली बाजार, छत्रीचौराहा, बामोरा रोड, सिकंदरपुरा, अर्थरेसिडेंसी, आरोन रोड, ग्रीन सिटी, रोहिलपुरा चौराह, दुर्गानगर इत्यादि क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

## कृषक संगोष्ठी भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित



**भेरुंदा, देशबन्धु।** नगर में गत दिवस कृषक संगोष्ठी भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय बजट प्रस्तुत होने पर कार्यकर्ताओं से संवाद हुआ। इस बजट में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सभी वर्गों के विकास का ध्यान रखा गया है। सरकार ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप्स और रोजगार सृजन के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा की। ग्रामीण और शहरी बुनियादी ढांचे के लिए किसानों के लिए योजना के तहत विशेष प्रोत्साहन, आयकर स्लैब में संभावित राहत, जिससे मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट को विकासोन्मुख और समावेशी बताते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक प्रगति को नया आयाम मिलेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय के मंडल के समस्त प्रबुद्धजनों के समक्ष बजट से जुड़ी हुई सारी जानकारी विस्तार से रखी। उन्होंने कहा कि इस बजट से किसानों को अत्यंत लाभ होगा और जो युवा उद्यमी हैं, उनके लिए विशेष लाभकारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में जाकर हर एक व्यक्ति को बजट के लाभ एवं जानकारी देना है, डबल इंजन की सरकार ने हमेशा जनता की प्रगति एवं विकास के अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया। वहीं मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कार्यकर्ताओं एवं युवाओं को रोजगार एवं उद्यम पर लगने वाले टैक्स के बारे में बताया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बजट से जुड़ी हुई एक एक बाते कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुत की। इस अवसर पर विशेष रूप से जितेंद्र गौड़, चंद्रकांत खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, कैलाश धावरे, दीनबंधु कुशवाह, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 2 सौ फीट ऊंचाई पर काम कर रहे मजदूर की गिरकर मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** क्रेशर मंडी में घटहरी मौजा स्थित पत्थर खदान में 200 फुट की ऊंचाई पर काम कर रहे 32 वर्षीय मजदूर सजीवन कुशवाहा की गिरकर मौत हो गई है।

बताया गया है कि वह खदान में जमीन से 200 फीट की ऊंचाई पर कमर में रस्सी बांधकर ड्रिल कर रहा था। तभी खदान के दूसरी तरफ से पत्थर खिसककर उस पर गिर गया। हादसे में वह पत्थरों के नीचे दब जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद शव करीब 10 घंटे तक खदान में फंसा रहा। देर रात शव को बाहर निकाला गया। गौरिहार स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया है। बता दें कि यह खदान 16 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है। जिसमें रुचि सिंह के नाम 2 हेक्टेयर की स्वीकृति है। प्रकाश बम्होरी क्रेशर मंडी में वर्तमान में 15 खदानें चल रही हैं। इन खदानों में 500 से अधिक स्थानीय और बाहरी मजदूर बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करते हैं। थाना प्रभारी सुमित सुमन ने बताया इस मामले में मर्ग कायम कर करके जांच की जा रही है। इसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकारों को एकजुट रहना चाहिए : राय



### जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन आयोजित

**भेरूंदा/सीहोर।** जिला प्रेस क्लब के तत्वाधान में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन क्रिसेंट रिसोर्ट में किया गया। इसमें प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के अलावा जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं वरिष्ठों का सम्मान किया जाना था। उन्होंने कहा कि यदि जिले के किसी भी पत्रकार साथी को कोई प्रताड़ित करता है तो मैं उसके साथ खड़ा हूं, लेकिन सभी पत्रकारों को एकजुट रहना चाहिए। श्री राय ने पत्रकारों को समाज का दर्पण बताते हुए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकार ईमानदारी से जनता की समस्याओं को उजागर कर सरकार और समाज के बीच सेतु का काम करते हैं। वहीं इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री राय ने कहा कि चारों विधानसभा क्षेत्र में जो भी पत्रकार अच्छा कार्य करता है उसको सम्मान के साथ श्रद्धा निधि भी भेंट करने की घोषण मंच से की। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष श्री राय का जिले के सभी पत्रकारों ने पुष्प मालों के साथ सम्मान किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार रघुवरदयाल गोहिया, वरिष्ठ पत्रकार रामनारायण ताम्रकार ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी अतिथियों का साफा, प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आज आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में जिले से आए पत्रकारों से परिचय हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी पत्रकार साथियों से संवाद किया। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं व उनके समाधान पर चर्चा की गई। साथ ही पत्रकारों का जिले के सभी ब्लाकों में सम्मेलन आयोजित करने पर भी विचार कर सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर मंच पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप समाधिया, एआर शेख मुंशी, जुगल पटेल, योगेश उपाध्याय, शैलेश तिवारी, अखिलेश गुप्ता, धमेन्द्र यादव, जयंत दासवानी, संतोष सिंह आदि शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालक क्लब के मीडिया

51वां खजुराहो नृत्य समारोह

## कलाकारों ने मंच पर साकार की शिव की परंपरा





**खजुराहो, छतरपुर, देशबन्धु।** नेपथ्य में मंदिर की पाषाढ़ मूर्तियां, ऊपर खुला आसमान, सामने देश-विदेश से आए सुधि कला रसिक और मध्य में बने मंच पर शिव की परम्पिरा को साकार करते कलाकारों का प्रस्तुतीकरण खास रहा। कुछ ऐसा ही दृश्य नजर आया खजुराहो नृत्य समारोह की तीसरी शाम का।

समारोह परिसर में चारों ओर कला, संस्कृति के रंग बिखरे हुए हैं। कहीं सजीव चित्रांकन तो कहीं पारंपरिक शिल्प से स्टॉल सजे हैं। यह कलाकार और कला प्रेमियों का भारतीय कलाओं के प्रति अनंत आस्था और समर्पण ही है जो खजुराहो नृत्य समारोह जैसे अनुष्ठान साल दर साल समृद्ध और प्रसिद्ध होते जा रहे हैं। नृत्य के इस आनंद उत्सव की तीसरी शाम कुचीपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम और कथकली नृत्य से सजी। इसका आगाज संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी सुश्री दीपिका रेड्डी के कुचिपुड़ी नृत्य से हुई। जिसमें शिव पार्वती परिणय की कहानी को प्रस्तुत किया गया। अगले क्रम में थक्कुवेमि मनकु की प्रस्तुति हुई। जिसमें दर्शाया गया कि भगवान विष्णु ने धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के लिए मानव कल्याण हेतु विभिन्न अवतार, दशावतार धारण किए हैं। अगली प्रस्तुति रुद्रमा प्रवेशम् और अंतिम प्रस्तुति मधुरम् मधुरम् की रही। दूसरी प्रस्तुति कथक की थी, जिसे प्रस्तुत करने मंच पर आई एलियोनोरा पेट्रोवा और तातियाना नाजारोवा रूस। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत बसंत की बंदिश से की। इसके बाद ध्रुपद, पूजन चली महादेव को अपनी भावभंगिमाओं से दर्शकों का मन मोह लिया। तीसरी प्रस्तुति सुश्री गायत्री मधुसूदन केरल के मोहिनीअट्टम नृत्य की थी। तीसरे दिन की अंतिम प्रस्तुति कथकली की थी। जिसे प्रस्तुत करने मंच पर नमूदार हुए संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी सदानम के हरिकुमार केरल ने भारतीय महाकाव्यों से ली गई कथाओं का नाटकीकरण किया।

**खजुराहो के मंदिरों के नाम समय-समय पर बदले :** संवाद के लोकप्रिय सत्र कलावार्ता के दूसरे दिन जीवाजी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के रिटायर्ड विभागाध्यक्ष डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने खजुराहो मंदिर सहस्त्राब्दी पूर्ण होने एवं ऐतिहासिक यात्रा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मंदिरों का स्थापत्य, नक्काशी, मिथुन मूर्तियों पर प्रकाश डाला। डॉ द्विवेदी ने बताया इन मंदिरों के नाम समय-समय पर परिवर्तित होते रहे हैं। ब्रिटिश काल में जो शोध कार्य हुए उसमें एफसी मैसी, टीएस बर्ड और एलेक्जैंडर कलिंग्स ने मंदिरों का सर्वेक्षण करके नोट्स व ड्राइंग्स भी बनाए। जिसके एल्बम इंडिया ऑफिस लाइब्रेरी लंदन में सुरक्षित रखे हैं। उन्होंने कहा खजुराहो भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों की दृष्टि केवल मनोरंजन होती है जबकि इन्हें आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी दृष्टि से इन मंदिरों का निर्माण सृष्टि की उत्पत्ति की ओर इशारा करती है।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## चिचोली में जर्जर ट्रांसफार्मर और खंभे बने खतरा

- बिजली कंपनी और नगर परिषद पर लापरवाही के आरोप
- पार्षद ने की शिकायत



**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली नगर परिषद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की हालत बदहाल होती जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में लगे बिजली के खंभे जर्जर हो चुके हैं, कई खंभे बारिश के दौरान गिर भी चुके हैं, जिससे यातायात बाधित हुआ और छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। बाजार चौक सहित कई प्रमुख चौराहों पर लगे ट्रांसफार्मरों की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वे कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं।

नगर परिषद चिचोली वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने इस मामले में कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि नगर में जगह-जगह लगे खंभे और ट्रांसफार्मर जर्जर हो चुके हैं, खुले तारों से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई बार इस मुद्दे को नगर परिषद की बैठकों में उठाया गया, लेकिन परिषद और बिजली कंपनी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर इससे बचते रहे। बाजार चौक का ट्रांसफार्मर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसके अंदर की केबलें खुली पड़ी हैं, जिससे हर समय खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, समाचार पत्रों में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होगा, तब तक जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं देंगे। पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार चौक में स्थित ट्रांसफार्मर का शीघ्र स्थानांतरण किया जाए, सभी जर्जर खंभों को बदला जाए और खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आम जनता के लिए यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

## डॉ. सुमित पटैया की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा और स्वास्थ्य शिविर आज



**बैतूल, देशबन्धु।** पीड़ित मानवता की मिसाल और कोरोना काल में अपने उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. सुमित पटैया की स्मृति में रविवार, 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे बैतूल नगर के सदर स्थित किराड़ मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उनकी स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंदों को चिकित्सा परामर्श एवं उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## बोर्ड पैटर्न पर आधारित कक्षा 5वी और 8वी की वार्षिक परीक्षा कल से

### कक्षा 5 वी और 8वीं के 46 हजार 423 छात्र परीक्षा में होंगे शामिल

**बैतूल, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार बोर्ड पैटर्न पर आधारित कक्षा 5वी एवं 8वी की वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि बैतूल जिले में परीक्षा संचालन के लिए 10 विकास खंडों के 79 जन शिक्षा केन्द्रों में 270 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 5वी के 22 हजार 208 विद्यार्थी तथा कक्षा 8वी के 24 हजार 215 इस प्रकार कुल 46 हजार 423 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होगें। वार्षिक परीक्षा संचालन हेतु समस्त व्यवस्थाएं कर ली गई है। परीक्षा संचालन के लिए सभी 270 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल द्वारा कर दी गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं यथा पेयजल, शौचालय, बैठक व्यवस्था करने हेतू बीआरसीसी, केन्द्राध्यक्ष एवं जन शिक्षा केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण जिला स्तर से विकास खंडों के माध्यम से जन शिक्षा केन्द्रों को कर दिया गया है। जन शिक्षा केन्द्र से प्रतिदिन प्रश्न पत्र केन्द्राध्यक्ष को सौंपें जायेगा एवं परीक्षा समाप्ति के दिन ही अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल जन शिक्षा केंद्र पर जमा किए जाएगें। कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला स्तर पर तीन निरीक्षण दलों का गठन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय सहायक आयुक्त, कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र से किया गया है। विकासखंड स्तर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा प्रत्येक विकासखंड में अपने स्तर से विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

# 80 हजार से अधिक की अवैध सागौन जब्त

### दक्षिण बैतूल वनमंडल की बड़ी कार्रवाई



**बैतूल, देशबन्धु।** दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा ग्राम गोनीघाट में अवैध रूप से संग्रहित सागौन पर बड़ी कार्रवाई की गई। वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल विजयानन्तम टीआर के मार्गदर्शन में उपवनमंडलाधिकारी आमला देवानंद पाण्डेय द्वारा जारी सर्च वारंट के तहत वन परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती दयानंद डेहरिया और वनमंडल स्तरीय उड़नदस्ता दल ने संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की।

छापे के दौरान ग्राम गोनीघाट के राजाराम यादव के घर से 10 नग सागौन लकड़ी जब्त की गई, जिसका कुल घन मीटर 0.757 और अनुमानित मूल्य 50 हजार 164 रुपये आंका गया। इस मामले में वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं, महेश यादव के घर पर छापामारी के दौरान 6 नग सागौन लकड़ी बरामद की गई, जिसकी मात्रा 0.246 घन मीटर और अनुमानित कीमत 9474 रुपये बताई गई। इसके अलावा, मकान में लगी 19 नग सागौन लकड़ी भी जब्त की गई, जिसका कुल घन मीटर 0.473 और अनुमानित मूल्य 19 हजार 724 रुपये आंका गया। इस मामले में भी वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में उड़नदस्ता प्रभारी राजेश शर्मा, वनपाल ओमकारनाथ मालवीय, परिक्षेत्र सहायक प्रदीप परिहार, इंद्रदेव बारस्कर, पंकज राठौर, वनरक्षक अनिता सलामे और प्रियंका नागले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फिलहाल मामले की जांच जारी है, और वन विभाग इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल में एआई कार्यशाला संपन्न

- विद्यार्थियों को मिली नई तकनीकों की जानकारी



**बैतूल, देशबन्धु।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला 18 से 22 फरवरी 2025 तक चली, जिसमें कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को एआई और मशीन लर्निंग की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया गया। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर एन पांडेय एवं कंप्यूटर साइंस के शिक्षक मयूर राठी उपस्थित रहे। प्राचार्य आरएन पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की है और हमें विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप प्रशिक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।

कार्यशाला में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, औरंगाबाद से प्रशिक्षक सुश्री इशिका अगाड़े एवं सुश्री हिमांशी आहूजा उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, एआई टूल्स, और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सेशंस भी आयोजित किए गए, जिससे विद्यार्थियों को सीधे तकनीकी अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में गहरी रुचि दिखाई और प्रशिक्षकों से अपने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक दिलीप कुमार डांगे एवं कृष्णा खातरकर भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीकों की बारीकियों को समझने और आधुनिक तकनीकी जगत में अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर मिला। यह पहल देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मां माचना मोक्ष धाम का हुआ जीर्णोद्धार

### 151 पौधे लगाने का लिया निर्णय

**बैतूल, देशबन्धु।** सदर स्थित मां माचना मोक्ष धाम के जीर्णोद्धार का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है, जिससे यह अब और भी आकर्षक और सुविधायुक्त बन गया है। मां माचना मोक्ष धाम समिति के सदस्यों ने वर्षों से जीर्ण-शीर्ण पड़े इस स्थल को पूरी तरह से संवारने का संकल्प लिया था, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इस कार्य में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का महत्वपूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन मिल रहा है। समिति ने मोक्ष धाम को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए समाजसेवी संस्थाओं और आमजन से भी सहयोग की अपील की है।



समिति अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि मोक्ष धाम के निर्माण कार्य के अंतर्गत यहां हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोक्ष धाम परिसर में 151 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, जिससे यह स्थल और भी हरा-भरा और शांतिपूर्ण बनेगा। समिति संरक्षक विकास मिश्रा ने बताया कि विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मोक्ष धाम को सुव्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है। उनके मार्गदर्शन में मोक्ष धाम की सफाई और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, इसे व्यवस्थित रूप से संचालित करने की भी योजना बनाई जा रही है। समिति के सदस्यों ने विधायक के इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। समिति सदस्य शनि साहू ने जानकारी दी कि मोक्ष धाम में पहले से मौजूद जर्जर भवन का पूर्ण रूप से पुनर्निर्माण कराया गया है। भवन की सुंदर पुताई की गई है, साथ ही पूरे मोक्ष धाम परिसर में रंगरोगन कर इसे भव्य रूप दिया गया है। साफ-सफाई, बिजली, पानी और पार्किंग की उचित व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा, अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों के बैठने के लिए भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समिति के सदस्यों ने समाजसेवी संगठनों और समाज के जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करें, जिससे मोक्ष धाम को और अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सके। समिति ने संकल्प लिया है कि यह स्थान अंतिम संस्कार स्थल के साथ श्रद्धा और शांति का प्रतीक भी बनेगा।

## आज धूमधाम से मनाई जाएगी संत गाडगे महाराज की जयंती

**बैतूल, देशबन्धु।** रजक समाज द्वारा समाज के संत गाडगे बाबा की 149वीं जयंती 23 फरवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

समाज के तुलसी मालवीय ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम संत गाडगे धाम श्री विनायकम् स्कूल के पास, भुजलिया घाट, टिकारी बैतूल में आयोजित किया जाएगा। प्रात 10 से 12 बजे तक वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना तय किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके, पूर्व सांसद एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल शामिल होगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, महेन्द्र सिंह चौहान, चन्द्रशेखर देशमुख, गंगा उईके, नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार उपस्थित रहेगे, जिनके द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इस अवसर पर संत गाडगे धाम का भूमि पूजन करने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रेरक संबोंधन बाल प्रतिभा सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट के साथ आभार उद्बोधन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में समस्त सामाजिक बंधुओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। समाज के सभी लोग सफेद/केसरिया और

# गरीब बच्चों के लिए वरदान बनी निशुल्क कोचिंग



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर पाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। महंगी कोचिंग और रहने की समस्या के कारण कई योग्य छात्र-छात्राएं अपनी तैयारी अधूरी छोड़ देते हैं। ऐसे बच्चों के लिए राजेश सरियाम द्वारा निशुल्क कोचिंग चलाई जा रही है, जिसमें महिला पर्यवेक्षक परीक्षा की विशेष तैयारी कराई जाती है।

यह कोचिंग पिछले 30 वर्षों से लगातार संचालित हो रही है और अब तक सैकड़ों विद्यार्थी सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। खास बात यह है कि संस्थान की ओर से लिखित नोट्स और ऑडियो नोट्स पूर्णत: निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे दूर-दराज के छात्र भी आसानी से परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। महिला पर्यवेक्षक परीक्षा के सिलेबस के आधार पर विभिन्न कोचिंग संस्थानों से महत्वपूर्ण नोट्स एकत्रित किए गए हैं और गूगल व यूट्यूब के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन कर विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। बैतूल के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों के बच्चे भी इस ऑनलाइन कोचिंग का लाभ उठा रहे हैं। जो छात्र-छात्राएं महिला पर्यवेक्षक परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, वे इस निशुल्क कोचिंग में शामिल हो सकते हैं। वहीं, जो छात्र-छात्राएं बैतूल में नहीं रह सकते, उनके लिए ऑडियो नोट्स और ऑनलाइन कक्षाओं की भी सुविधा दी गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से इस कोचिंग को अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि कोई भी आर्थिक तंगी के कारण अपने सपनों से समझौता न करे। राजेश सरियाम ने अपील की है कि जो भी छात्र-छात्राएं इस निशुल्क कोचिंग का लाभ उठाना चाहते हैं, वे अपने नाम और पते के साथ व्हाट्सएप नंबर 9300585323 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें ग्रुप से जोड़कर ऑनलाइन कोचिंग व निशुल्क नोट्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# संत रविदास के महाकुंभ में अतिथियों ने दिया समरसता का संदेश

### गुरुवाणी का आशीष हमें प्रकाश की ओर ले जाता है : सुधाकर



**बैतूल, देशबन्धु।** अटल सभा ऑडिटोरियम, जेएच कॉलेज में 2संत रविदास वेलफेयर सोसायटी ऑफ इंडिया, जिला बैतूल द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास के महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजसेवी जुटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे थे। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी राजीव खंडेलवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, सिविल सर्जन डॉक्टर जगदीश घोरे, वरिष्ठ समाजसेवी एनके मांडवे, प्रबोधन ओमकार टिटारिया, भवानी गावंडे, सुखराम टिटारे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के ज्ञानी अरविंदर सिंह ने श्रद्धालुजनों को शबद कीर्तन की संगीतमय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि समाज का कार्य समानता और समरसता का प्रतीक होता है, गुरुवाणी का आशीष हमें सदैव प्रकाश की ओर ले जाता है। समाजसेवी राजीव खंडेलवाल ने कहा कि संत किसी एक समाज के नहीं होते, उनकी वाणी और ज्ञान सभी समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं।

कार्यक्रम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। बॉडीबिल्डिंग, पत्रकारिता, चिकित्सा, समाजसेवा, गौशाला संचालन, शिक्षा, लोक कला और संस्कृत के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश इंगले ने किया, जबकि अध्यक्षता और आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोले ने व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग अरुण डोंगरे, विनोद यादव, मनीराम महोबे, विनय मंदरे, सुरेश बरथे, बीआर तांडिया, दीपक सोनकर, संजय बिंझाड़े, ममता तिलंते, शकुंतला मोहबे, दीपक बरथे, सुरेश पहाड़े, रितेश बरथे, देवेंद्र बरथे, योगेश इंगले, ममता गोले और कुसुम बरथे का रहा। अंत में गुरु के लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बस स्टैंड में बार-बार दुकान को क्षतिग्रस्त करने का मामला, दुकानदार ने थाना प्रभारी से की शिकायत



**सारणी, देशबन्धु।** सारणी बस स्टैंड पर स्थित स्टार जूस सेंटर नामक दुकान को बार-बार असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करने और दुकान में रखे सामानों को चुरा कर ले जाने और तोड़फोड़ कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने की घटनाओं से दुकानदार परेशान हैं। बीती रात दुकान बंद करने के बाद कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तोड़फोड़ की, जिससे दुकान को भारी नुकसान हुआ है।

दुकान मालिक ने बताया कि यह घटना केवल एक रात की नहीं है। लगभग हर 15 दिनों में ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। इस बार की तोड़फोड़ ने दुकानदार को गंभीर चिंता में डाल दिया है। दुकान मालिक ने सारणी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते हुए उचित जांच करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल उनके व्यवसाय को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि उनके ग्राहकों की सुरक्षा भी खतरे में डाल रही हैं।

स्थानीय व्यापारियों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाएं जारी रहीं, तो इसका असर पूरे क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ेगा। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि वे इस मामले की गंभीरता को समझें और शीघ्र कार्रवाई करें। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वे इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं, ताकि दुकानदारों और ग्राहकों को सुरक्षित महसूस हो सके।

**इनका कहना है**

मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी और बस स्टैंड में गस्ती बढ़ाई जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों को काबू में किया जा सके और दोबारा ऐसी घटना न घटे।

**सुनील गौर, उप निरीक्षक थाना सरणी**

## गौमाता के साथ किया अप्राकृतिक कृत्य



**आमला, देशबन्धु।** अस्मिता का प्रतीक मानी जाने वाली गौमाता के साथ मंगल भवन क्षेत्र,वार्ड क्रमांक 1 निवासी अंगद घोघरकर 70 वर्ष ने अप्राकृतिक कृत्य किया। इस शर्मनाक घटना का सबूत स्वयं दुराचारी के घर लगे सीसीटीवी कैमरे है एवं अन्य लोगो द्वारा भी इसे मोबाइल में रिकार्ड किया गया है। इस इस घटना से सभी गौभक्त क्रोधित है। गौभक्त नितिन ठाकुर, अमित यादव, राज ठाकुर, शुभम खातरकर, मोना कनोजे, देव खातरकर, सौरभ सोलंकी, तुषार राठौर द्वारा आमला थाना में एफआईआर दर्ज करवाई जिसमे दुराचारी के विरुद्ध कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया।

## प्रधानमंत्री 24 को अंतरित करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की किस्त

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वी किस्त किसानों के खाते में अंतरित करेंगे। इस दिवस को किसान सम्मान समारोह दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर प्रधानमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामों में नियुक्त किए गए विलेज नोडल ऑफिसरों द्वारा हितग्राहियों को किश्त के लिए ई-केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएमकिसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी।

## ट्रैफिकिंग की रोकथाम व सुरक्षित प्रवासन के लिए एक मंच पर आए दक्षिण एशिया के संगठन

**बैतूल, देशबन्धु।** सरकारी, नीति-निर्माताओं, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित नौ दक्षिण एशियाई देशों के हित धारकों ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ सुरक्षित प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी में सभागिता की। प्रदीपन संस्था बैतूल की डायरेक्टर श्रीमती रेखा गुजरे ने बताया कि इस दक्षिण एशियाई संगोष्ठी का आयोजन एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ने किया, जिसमें जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन तकनीकी भागीदारी के रूप में शामिल रहा।

श्रीमती गुजरे ने बताया कि मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के बाद 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अवैध कमाई के साथ मानव दुर्व्यापार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन बाल अधिकारों और बाल संरक्षण के लिए दुनिया के 39 देश में कार्यरत नागरिक संगठनों का वैश्विक नेटवर्क है। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की पहल पर इस एक दिवसीय संगोष्ठी में समय अधिकार-आधारित रणनीति को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिससे कि पूरे क्षेत्र में प्रवासन नीतियों का समन्वय किया जा सके और अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मानकों के अनुरूप कानूनी और नीतिगत सुधार किए जा सके। इस संगोष्ठी में भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ट्रैफिकिंग से पीड़ित भी मौजूद थे, जिन्होंने अपनी पीड़ा और अनुभव साझा करते हुए इसकी रोकथाम के लिए सुझाव दिए। बाल अधिकारों और बाल संरक्षण के लिए दुनिया के 39 देश में कार्यरत संगठनों का वैश्विक नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन इस परामर्श का तकनीकी सहयोगी था।

संगोष्ठी में ट्रैफिकिंग के खिलाफ तत्काल एक बहु आयामी रणनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक ने कहा मानव दुर्व्यापार भारी मुनाफे वाला एक संगठित अपराध है, जो विशेष रूप से बच्चों और मजबूर युवाओं के शोषण के सहारे फल-फूल रहा है। इससे निपटने के लिए हमें बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें ट्रैफिकिंग के आर्थिक ढांचे को निस्तेनाबुद करना, संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई से उनकी कमर तोड़ना, ट्रैफिकिंग गिरोह के बारे में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वैश्विक रजिस्टर रखना और इसके माध्यम से स्थानीय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुफिया समन्वय को मजबूत करने जैसे कदमों की जरूरत है।

### लापरवाही

# झूलते बिजली के तार दे रहे दुर्घटनाओं को निमंत्रण

**भैंसदेही, देशबन्धु।** ब्लाक के ग्राम पंचायत सिवनी के मुख्य मार्ग पर बिजली के झूलते व लटकते तार हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। लेकिन इन तारों को व्यवस्थित कराने के लिए ऊंचे कराने के लिए ना संबंधित विभाग ध्यान देता है और ना ही ग्राम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ध्यान देते हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बताया कि यह बिजली के झूलते तार इतने नीचे है कि वह ट्रक से टकरा जाते है। जब भी गांव में किसान का अनाज ले जाने के लिए ट्रक को बुलाया जाता है तो ड्राईवर बड़ी मुश्किल से लकड़ी के सहारे से इन तारों को ऊपर उठाकर वाहन को इस पार से उस पार करते हैं। जिसकी जानकारी भी विभाग को कई बार बता चुके है, लेकिन संबंधित विभाग ना ही ध्यान दे रहा है और ना ही उनके पास तारों को व्यवस्थित करने के लिए कार्य योजना है। बिजली के लटकते तार कई वर्ष पुराने हो चुके हैं। खम्भे के कारण एक दूसरे के सपोर्ट पर तार लटके हुए हैं, अनुमानित सड़क से तारों की ऊंचाई 9 से 10 फिट हैं। बिजली के झूलते तारों के आपस में तेज हवा के चलने से आपस में टकराने की वजह से स्पार्किंग होती है और वहीं किसानों के खेत में गेहूं की फसल लहलहा रही है। किसानों का कहना है कि स्पार्किंग से फसल में आग लगने का डर हमेशा बना रहता है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि इन खंभों के ऊपर लगे झूलते तारों को खींचकर सही किया जाए और इन तारों की ऊंचाई को बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे कि वाहनों के आवागमन में कोई असुविधा न हो। साथ ही भविष्य में कभी किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो सके।

बता दे कि बीते एक महीने पहले ग्राम कोथलकुण्ड बस स्टैंड में खेत में काम कर रहे एक युवक की झूलते बिजली के तार से टकराने की वजह से मौत हो गई थी ,जिससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश रहा । ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा लगता है कि जैसे विभाग हादसों के बाद भी नए हादसे के इंतजार में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लाइनमैन को इन झूल रहे तारों की जानकारी दी गई, विभागीय अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया। इसके बावजूद विभाग के अधिकारियों के द्वारा इसे व्यवस्थित करने की पहल नहीं की जा रही है। इस कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होंगी।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.88 प्रतिशत |
| एलटी | 1.10 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.75 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.35 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.31 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 6.07 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 2.57 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.46 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.60 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.52 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 86,803 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,03,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.96 | 87.00 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9300-9300 |
| अरहर दाल | 7650-7750 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत में पेट्रोलियम की कीमत दुनिया में सबसे कम : पुरी

- अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम व कनाडा जैसे देशों से आ रहा अधिक तेल

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत में पेट्रोलियम की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में ईंधन की कीमतें वास्तविक रूप से कम हुई हैं। वैश्विक तेल आपूर्ति पर बोलते हुए पुरी ने कहा कि अब अधिक तेल अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा जैसे देशों से आ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और मौजूदा समय में 40 देशों से आपूर्ति भारत को मिल रही है। पहले इनकी संख्या 27 थी। अगर और देश इसमें जुड़ना चाहते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। इससे तेल की कीमतों को कम रखने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री के कहा कि पेट्रोलियम की कीमतें बीते तीन वर्षों में कम हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि पेट्रोल की कीमतों में -0.67 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हालांकि, डीजल की कीमतों में 1.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

पुरी ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पेट्रोलियम की कीमत में गिरावट से सरकार को कोई वित्तीय फायदा नहीं हुआ है। बल्कि सरकार ने तेल कंपनियों को 22,000 करोड़ रुपए की राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुई आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा कि 2014 में भारत 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और साथ ही पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था।



पेट्रोलियम की कीमत में गिरावट से सरकार को कोई वित्तीय फायदा नहीं हुआ है। बल्कि सरकार ने तेल कंपनियों को 22 हजार करोड़ रुपए की राहत दी है : हरदीप सिंह पुरी

## देश में वित्तीय समावेशन में बड़ी भूमिका निभा रहा यूपीआई

- लेनदेन में हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है और वित्त वर्ष 24 में भारत में हुए पांच डिजिटल लेनदेन में से चार यूपीआई के माध्यम से हुए थे। देश के सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म द डिजिटल फिफ्थ की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपीआई एक पेमेंट सिस्टम से कहीं अधिक है और भारत के लिए यह एक पूरे इकोसिस्टम के रूप में काम करता है। द डिजिटल फिफ्थ के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी ने कहा कि यूपीआई प्रति माह 16 अरब लेनदेन हैंडल करता है और 2030 के अंत तक इसके 3 गुना बढ़ने का अनुमान है।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में बढ़कर 1.5 करोड़ रही



- सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 1.5 करोड़ रहने का अनुमान है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

जनवरी 2025 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि एयरलाइन ट्रैफिक इस साल जनवरी में प्री-कोविड स्तर (जनवरी 2020) के आंकड़े से 17.9 प्रतिशत अधिक था।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीनों (अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक) में कुल 13.72 करोड़ यात्रियों ने घरेलू मार्गों पर उड़ान भरी है। इसमें सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह वित्त वर्ष 20 के प्री-कोविड स्तरों से 13 प्रतिशत अधिक है। जनवरी में भारतीय विमान कंपनियों में अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात का प्रदर्शन भी मजबूत रहा है।

वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में विमानों में अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक 2.48 करोड़ यात्रियों तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत की वृद्धि और पूर्व-कोविड स्तरों की तुलना में 41.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू एविएशन इंडस्ट्री का पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) जनवरी 2025 में 92.1 प्रतिशत रहा है, जो कि जनवरी 2024 में 89.2 प्रतिशत था। हालांकि, यह जनवरी 2020 (प्री-कोविड) में 85 प्रतिशत पर था। ईंधन लागत, एयरलाइन परिचालन व्यय का एक महत्वपूर्ण घटक है, इसमें कुछ राहत देखी गई है। अप्रैल से जुलाई 2024 तक एटीएफ की कीमतें सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत अधिक थीं और अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक इसमें सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल मिलाकर अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 की अवधि में एटीएफ की कीमतों में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.1 प्रतिशत की कमी आई है।

## एनएसओ ने डेटासेट पंजिका संग्रह 2024 किया जारी

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शनिवार को 2024 का नवीनतम डेटासेट और पंजिका संग्रह प्रकाशित किया है। यह सरकारी डेटा नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, छात्रों और जनता के लिए सुलभ होगा।

मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, संग्रह 40 मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त 270 डेटासेट तथा पंजीकाओं के मेटाडेटा को समेकित करता है, जिसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास, पर्यटन, सामाजिक न्याय, बैंकिंग और अन्य क्षेत्र शामिल है।

मंत्रालय के अनुसार यह डेटा की पहुँच बढ़ाने और सूचित निर्णय लेने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संग्रह में मेटाडेटा, डेटा संग्रह पद्धतियां और डेटा साझा करने की नीतियां दी गई हैं।

इसके अलावा, यह डेटासेट संग्रह और प्रसार के कानूनी एवं नियामक ढांचे को निर्धारित करता है। यह गहन विश्लेषण और नीति निर्माण के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। उपयोगकर्ता मंत्रालय/विभाग पोर्टल के लिंक से डेटा स्रोतों तक सीधी पहुँच पा सकते हैं। यह पहल सरकारी डेटा को सुव्यवस्थित करने और राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों का हिस्सा है।

## देश में 10 वर्षों में बिजली आपूर्ति में हुआ सुधार

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। ग्रामीण क्षेत्रों में औसत बिजली आपूर्ति 2014 में 12.5 घंटे से बढ़कर 2025 में 22.6 घंटे और शहरी क्षेत्रों में इस वर्ष 23.4 घंटे हो गई है। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हर किसी के लिए और हर समय बिजली उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है और सरकार का उद्देश्य पूरे देश में 100 प्रतिशत घरों का विद्युतीकरण करना है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जीवाश्म ईंधन आधारित पावर प्लांट की उत्पादन क्षमता 2014 में 168 गीगावाट से बढ़कर जनवरी 2025 में 246 गीगावाट हो गई है, जो कि 46 प्रतिशत की क्षमता वृद्धि को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि गैर-जीवाश्म आधारित ऊर्जा क्षमता 2014 में लगभग 80 गीगावाट से बढ़कर 2025 में लगभग 220 गीगावाट (31 जनवरी तक) हो गई है, जो लगभग 180 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।



- सरकार का 100 प्रतिशत घरों के विद्युतीकरण पर फोकस

ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह 2025 में अब तक बढ़कर 4.92 लाख सीकेएम हो गया है, जो कि 2014 में 2.91 लाख सीकेएम था।

दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), पीएम सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीवीटीजी) जैसी पहलों की मदद से पिछले 10 वर्षों में बिजली की पहुंच में काफी वृद्धि हुई है। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन गया है और 2025 में अब तक 1,625 मिलियन यूनिट्स (एमयू) का निर्यात किया गया है। वहीं, 2014 में देश ऊर्जा का शुद्ध आयातक था।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, ऊर्जा की कमी 2014 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2025 में 0.1 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा ऊर्जा की कमी को दूर करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। करीब 2.13 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। 19.8 करोड़ स्मार्ट मीटर, 52.5 लाख डीटीआर और 2.1 लाख फीडर को मंजूरी दी गई है।

**सार संक्षेप**

### सज्जन जिंदल बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 3.9 करोड़ टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

### स्विगी का वैल्यूएशन अपने उच्चतम स्तर से घटा

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी के वैल्यूएशन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है और यह अपने उच्चतम स्तर से 50 प्रतिशत कम हो गया है। इससे निवेशकों के 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए हैं। नवंबर 2024 में आईपीओ आने के बाद स्विगी का वैल्यूएशन दिसंबर 2024 तक बढ़कर 1,32,800 करोड़ रुपए (16 अरब डॉलर) हो गया था। इसके बाद 21 फरवरी, 2025 तक यह गिरकर 81,527 करोड़ रुपए (9.82 अरब डॉलर) रह गया है, जो वैल्यूएशन में 51,273 करोड़ रुपए की गिरावट के दर्शाता है। कंपनी का वैल्यूएशन शेयर बाजार में लिस्टिंग के समय 12.7 अरब डॉलर था। स्विगी के शेयर की लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 420 रुपए और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 412 रुपए पर हुई थी। हालांकि, गिरावट के कारण अब शेयर 360 रुपए पर आ गया है।

### थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स पर अंकुश लगाने के लिए योजना बना रही सेबी

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा कि थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स स्कीम पर सीमा लगाने का कोई कारण नहीं है, बल्कि इस तरह के प्रसार के मूल कारण पर अंकुश लगाने के लिए कुछ किया जाना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के इवेंट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स स्कीम के प्रसार का मूल कारण सामान्य योजनाओं और नए फंड प्रस्तावों के बीच आर्बिट्रेज है। बुच ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के प्रसार को रोकने के लिए सेबी के पास बोर्ड द्वारा एप्रूव किया गया कंसल्टेशन प्लान है। हालांकि, अभी इस कार्य में प्रगति होना बाकी है।

## वैश्विक अस्थिरता से कंसोलिडेशन में भारतीय बाजार

- एफआईआई की जल्द हो सकती है वापसी
- सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**मुंबई,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार इस हफ्ते कंसोलिडेशन फेस में रहा। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट की वजह कमजोर वैश्विक संकेत और ट्रेड वार को माना जा रहा है।

सेंसेक्स और निफ्टी की शुरुआत इस हफ्ते सकारात्मक नोट पर हुई थी। फार्मा, मेटल और एनर्जी शेयरों में खरीदारी देखी गई थी। हालांकि, अमेरिका द्वारा नए टैरिफ की धमकी के बाद लार्जकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई। इसने बाजारों के संटीमेंट को खराब किया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी देखी गई है और दोनों इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर करीब 2 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए हैं।

बाजार में अस्थिरता ऐसे समय में आई है जब पारस्परिक टैरिफ और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर चिंताएं निवेशकों के संटीमेंट को प्रभावित कर रही हैं।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ की घोषणा ने निर्यात से जुड़े उद्योगों, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया और सेक्टर का प्रदर्शन काफी खराब रहा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आने वाले समय में बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। इसकी वजह छुट्टियों के कारण छोटा कारोबारी हफ्ता और डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की मासिक एक्सपायरी होना है।



डेजर्व के सह-संस्थापक वैभव पोरवाल ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह अगले 3-6 महीनों में भारत में लौट सकता है। इसकी वजह लंबी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत घरेलू मांग, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर होने के कारण लंबी अवधि में कॉरपोरेट्स की आय में वृद्धि होने की संभावना है।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को लाल निशान में बंद हुआ था। सेंसेक्स 424.90 अंक गिरकर 75,311.06 और निफ्टी 117.25 अंक गिरकर 22,795.90 पर बंद हुआ।

## बजाज एलियांज लाइफ बीमा-एएसबीए सुविधा के साथ लाइव

**पुणे।** निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज एलियांज लाइफ बीमा-एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट सुविधा (बीमा-एएसबीए) के साथ लाइव होने वाली पहली बीमा कंपनी बन गई है।

कंपनी ने कहा कि यह मील का पत्थर भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य परिचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईआरडीएआई की इस पहल के तहत, पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं और यूपीआई के माध्यम से अपने बैंक खाते में एक निर्दिष्ट राशि (2 लाख रुपए तक)

बीमा कंपनी द्वारा अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी करने और प्रस्ताव को स्वीकार करने का निर्णय लेने के बाद ही राशि डेबिट की जाएगी। यदि आवेदन 14 दिनों की अवधि के भीतर संसाधित नहीं होता है या प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाता है, तो अवरुद्ध राशि स्वचालित रूप से ग्राहक को वापस जारी कर दी जाती है।

## गुवाहाटी में रिलायंस का नए कैम्पा व पेय पदार्थ बॉटलिंग प्लांट शुरू

**गुवाहाटी,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। रोजमर्रा की जरूरतों के उत्पाद और पेय पदार्थ कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने असम के गुवाहाटी में नए बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन के साथ पूर्वोत्तर भारत में कैम्पा के पोर्टफोलियो की उपस्थिति को मजबूत किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि स्थानीय भागीदार जेरिको के सहयोग से विकसित इस सुविधा का उद्घाटन आज असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने किया। 6 लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला यह प्लांट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पेय पदार्थ निर्माण इकाइयों में से एक है। इसमें कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स के लिए 10 करोड़ लीटर से ज़्यादा और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के लिए लगभग 18 करोड़ लीटर की शुरुआती उत्पादन क्षमता है।



इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि आम लोग कैंपा के उत्पादों को बहुत ही किफ़ायती कीमत पर खरीद सकते हैं। कैंपा कोला के साथ यह एक बड़ा फ़ायदा है। वे किफ़ायती कीमत पर उत्पाद दे रहे हैं, लेकिन वे गुणवत्ता से समझौता नहीं कर रहे हैं, जो अन्य वैश्विक मानकों के बराबर है। मेरा मानना है कि यह ब्रांड लगातार मज़बूत होता जाएगा और इसे और भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और जेरिको को शुभकामनाएं देता हूं। यह यात्रा बहुत सफल हो और असम के लोगों के लिए बहुत सारे रोज़गार के अवसर पैदा करे। और यह यात्रा यह भी दर्शाए कि एक भारतीय ब्रांड एक वैश्विक ब्रांड के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है।

### प्रथम पेज का शेष

अडानी, बिड़ला, सिंघानिया सहित.... लिमिटेड, राघवपत सिंघानिया, एमडी जेके सीमेंट, विनोद अग्रवाल, एमडी एवं सीईओ वी कमार्शियल व्हीकल्स, पुनीत डालमिया सीईओ डालमिया सीमेंट, सुधीर मेहता, सीएमडी पिनेकल इंडस्ट्रीज कुमार वेंकर सुब्रमण्यम, एमडी प्रॉक्टर एंड गैंबल, अभय फिरोडिया, अध्यक्ष फोर्स मोटर्स, श्रीमती सुचिता ओसवाल जैन, उपाध्यक्ष वर्धमान, हिरोशी योशिजाने, एमडी ब्रिजस्टोन इंडिया, रवि झुनझुनवाला, सीएमडी एचईजी रंजिदर गुप्ता ट्राइडेंट ग्रुप, राहुल संघवी, निर्देशक संघवी फूड्स, वीर एस अडवणी, सीएमडी ब्लू स्टार, पार्थ प्रतिम सेन गुप्ता, एमडी एवं सीईओ बंधन बैंक एवं इंगो सोलर, सीईओ टीडब्लूई ओबीटी शामिल है।

**इन देशो की होगी....** उच्चायुक्त, यूके, कनाडा, नीदरलैंड, पौलैंड ताइवान, दक्षिण अफ्रिका, कोरूटारिका, पनामा, मैक्सिको, टोगो, स्लोवेनिया के वरिष्ठ राजनयिक बुलगारिया, जिबूती, अल्बानिया, तुबालु हैती, म्यांमार, पलाऊ पौलेंड, दक्षिण कोरिया, रोमानिया और उज्बेकिस्तान के ओनोरेरी कौंसल शामिल है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक, डब्ल्यूएआईपीए , जेट्रो, टीएआईटीएआरए, इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत आयरलैंड परिषद सिंगापुर इंडिया चैंबर आफ कॉमर्स, कोरिया इंडिया चैंबर ऑफ कामर्स, इंडो पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संगठन भी शामिल होंगे।

**हम सब अतिथियों और....** व्यवस्था का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदेशों से आने वाली डेलीगेट्स के लिए अलग से बैठक व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में किसी भी तरह का तकनीकी व्यवधान न आने पाए। साउंड सिस्टम और बेहतर करें। पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय और प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह से कहा कि मानव संग्रहालय के आंतरिक परिसर का और अधिक सौन्दर्यीकरण किया जाए। यहां देर शाम तक इवेंट्स होने हैं, इसलिए पर्याप्त रौशनी, सूचना पट्टिकाएं और सुगम यातायात की व्यवस्था की जाए। किसी को भी परेशानी न हो।

**चैंपियंस ट्रॉफी में भारत....** करेगा। दूसरी ओर चोटिल फखर जमा के चैंपियंस ट्राफी से बाहर होना पाकिस्तान टीम के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है वहीं बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकता है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में धीमी गति से 64 रन बनाए थे। फखर जमां की जगह इमाम उल हक को चुना गया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज खुशदिल शाह पाकिस्तान के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है।

## भारत का पेंशन एयूएम 2030 तक बढ़कर 118 लाख करोड़ हो जाएगा : रिपोर्ट

- एनपीएस की होगी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी
- भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक 2.5 गुना होने का अनुमान

**मुंबई,** 22 फरवरी (एजेंसियां)।भारत का पेंशन एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 2030 तक बढ़कर 118 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है और इसमें नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एनपीएस प्राइवेट सेक्टर एयूएम में मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है और यह पिछले पांच वर्षों में 227 प्रतिशत बढ़कर 2,78,102 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पहले 84,814 करोड़ रुपए था।

डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक 2.5 गुना होने का अनुमान है। साथ ही रिटायरमेंट के बाद जीवन प्रत्याशा दर में औसतन 20 साल की बढ़ोतरी होगी।

मौजूदा समय में भारत की पेंशन मार्केट काफी छोटी है और केवल जीडीपी का 3 प्रतिशत ही है। रिटायरमेंट बचत अंतर सालाना 10 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है, जो संभावित रूप से 2050 तक लगभग 96 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी।




रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय खुदरा निवेशक तेजी से पारंपरिक बचत के तरीकों से हटकर बाजार से जुड़े निवेश की ओर जा रहे हैं। बीते एक दशक में नकदी और बैंक जमा पर निर्भरता में 62 प्रतिशत से गिरकर 44 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि इस बदलाव को दिखाता है। वित्त वर्ष 2020 और 2024 के बीच नए एनपीएस पंजीकरण में मजबूत वृद्धि देखी गई है, जिसमें पुरुष ग्राहकों में 65 प्रतिशत और महिला ग्राहकों में 119 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा सितंबर 2024 में पेश किए गए एनपीएस वात्सल्य को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जिसने 86,000 से अधिक ग्राहकों को आकर्षित किया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अगले पांच वर्षों के अंदर 1.5 करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ एनपीएस प्राइवेट सेक्टर का एयूएम 9,12,000 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।